Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
नये भारत की नई सोच
RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 61 | सोमवार, 03 मार्च -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## '2047 तक नशा मुक्त होगा भारत'

# गृहमंत्री शाह ने कहा 'तस्करों को दंडित करने में नहीं छोड़ेंगे कसर'

**नई दिल्ली।**

गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि मोदी सरकार उन मादक पदार्थ तस्करों को दंडित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है, जो पैसे के लालच में युवाओं को नशे की अंधेरी खाई में धकेल रहे हैं।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार नशा मुक्त भारत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार मादक पदार्थों के खतरे से लड़ना जारी रखेगी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में शाह के हवाले से कहा गया है कि रणनीति के साथ की गई गहन व पूर्ण जांच के परिणामस्वरूप देशभर में 12 विभिन्न मामलों में अदालतों ने 29 मादक पदार्थ तस्करों को दोषी ठहराया है। बयान में कहा गया कि यह सफलता सरकार द्वारा अपनाए गए सख्त रवैये का प्रमाण है। मोदी सरकार की मादक



पदार्थों के खिलाफ बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति के तहत नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। ये दोषसिद्धियां अदालतों में दायर मामलों में सफल अभियोजन सुनिश्चित करने के लिए एनसीबी के समर्पण का उदाहरण हैं। गृह मंत्रालय ने कहा है कि शाह के मार्गदर्शन में एनसीबी 2047 तक नशा मुक्त भारत के प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने के लिए अथक प्रयास कर रहा है। गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुजरात के मेहसाणा जिले के पिलवई गांव में एक स्कूल ट्रस्ट के विद्या भवन और सांस्कृतिक भवन का उद्घाटन किया और एक धार्मिक समारोह में भी भाग लिया। उन्होंने सुंदरलाल मंगलदास शाह सांस्कृतिक भवन और अनिलचंद्र गोकलदास शाह विद्या भवन का उद्घाटन किया, जिसे सेठ गिरधरलाल चुन्नीलाल हाई स्कूल ट्रस्ट द्वारा पूर्व छात्रों की स्मृति में बनाया गया है।

### छात्रों से भी गृहमंत्री ने की बात

गृहमंत्री अमित शाह ने इसके बाद विद्या भवन में एक कक्षा, कंप्यूटर लैब आदि का दौरा किया और छात्रों के साथ बातचीत की। इसके बाद ट्रस्ट द्वारा उनका अभिनंदन किया गया। गृह मंत्री ने अपने बेटे एवं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष जय शाह और अन्य स्वजन के साथ पिलवई स्थित भगवान गोवर्धननाथजी के मंदिर में पूजा-अर्चना भी की। शाह और उनके स्वजन नवनिर्मित मंदिर में भगवान गोवर्धननाथजी की मूर्ति स्थापित किए जाने के अवसर पर आयोजित धार्मिक समारोह में मौजूद थे।

# भारत ने लगाई जीत की हैट्रिक न्यूजीलैंड को 44 रन से दी मात

**नई दिल्ली।** भारत ने न्यूजीलैंड को 44 रनों से हराकर इस मेगा इवेंट में अपनी जीत की हैट्रिक को जारी रखा है। साथ ही भारत ने इस मुकाबले को जीतकर ग्रुप ए में टॉप स्थान हासिल कर लिया है। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 249 रन बनाए।




आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी2025 के तहत दुबई के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए भारत और न्यूजीलैंड के मुकाबले में भारतीय टीम की बेहतरीन जीत हुई है। भारत ने न्यूजीलैंड को 44 रनों से हराकर इस मेगा इवेंट में अपनी जीत की हैट्रिक को जारी रखा है। साथ ही भारत ने इस मुकाबले को जीतकर ग्रुप ए में टॉप स्थान हासिल कर लिया है। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 249 रन बनाए। जिसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम केन विलियमसन की 81 रनों की पारी के बावजूद 45.3 ओवर में 205 रन पर ही ढेर हो गई। वहीं अब सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से होगा जो कि 4 मार्च को दुबई में खेला जाएगा। वहीं न्यूजीलैंड टीम की बल्लेबाजी की बात करें तो, टीम की सधी हुई शुरूआत थी। हार्दिक पंड्या ने भारत को पहली सफलता रचिन रविंद्र (6) के रूप में दिलाई। इसके बाद वरुण चक्रवर्ती ने 12वें ओवर में विल यंग (35 गेंदों में 22 रन) को बोल्ड किया। इसके बाद रविंद्र जडेजा ने टॉम लैथम को 14 के निजी स्कोर पर एलबीडब्ल्यू किया। ग्लेन फिलिप्स 8 गेंद में 12 रन और माइकल ब्रेसवेल दो रन बनाकर आउट हुए। केन विलियमसन 120 गेंद में 82 रन बनाकर अक्षर पटेल के शिकार बने। वहीं कप्तान मिचेल सैंटनर 31 गेंद में 28 रन बनाकर आउट हुए। मैट हेनरी को आउट करके वरुण चक्रवर्ती ने पांच विकेट हॉल अपने नाम किया। तो कुलदीप ने विलियम को क्लीन बोल्ड भारतीय टीम को बड़ी सफलता दिलाई। इससे पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं है। टीम ने 6 ओवर के अंदर ही दोनों ओपनर का विकेट गंवा दिया। शुभमन गिल 7 गेंदों में महज 2 रन बनाकर और रोहित शर्मा 17 गेंदों में 15 रन बनाकर आउट हुए।

वहीं अपना 300वां वनडे मैच खेलने उतरे विराट कोहली 14 गेंद में 11 रन ही बना सके। ग्लेन फिलिप्स ने उनका शानदार कैच लपका। श्रेयस ने अक्षर पटेल के साथ चौथे विकेट के लिए 98 रन की अहम साझेदारी की।

## सुधरने लगी पोप फ्रांसिस की हालत, हटाया गया वेंटिलेटर सपोर्ट

**वेटिकन सिटी।**

दोनों फेफड़ों में निमोनिया से जूझ रहे 88 वर्षीय पोप फ्रांसिस की हालत में थोड़ा सुधार आया है। उन्हें अब वेंटिलेटर सपोर्ट की जरूरत नहीं है। शुक्रवार को पोप की तबीयत अधिक खराब हो गई थी। उन्हें नॉन-इनवेसिव वेंटिलेटर सपोर्ट दिया गया था। नॉन-इनवेसिव वेंटिलेशन सपोर्ट उन लोगों को दिया जाता है, जिन्हें केवल कुछ समय के लिए वेंटिलेटर की आवश्यकता होती है। वेटिकन ने कहा, पोप फ्रांसिस की हालत स्थिर बनी हुई है। रविवार को



उन्हें वेंटिलेशन की आवश्यकता नहीं पड़ी, हालांकि उनके स्वास्थ्य को लेकर खतरा अभी भी बना हुआ है। पोप ने रविवार को वेटिकन के दो अधिकारियों से मुलाकात की और लिखित संदेश में शुभचिंतकों को उनकी प्रार्थनाओं और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

# पिछले दो दिनों से सुहाना रहा मौसम

**नई दिल्ली।** राजधानी में पिछले कुछ दिनों से आंशिक बादल छाए रहने के बाद रविवार को आसमान पूरी तरह साफ रहा। इससे न्यूनतम तापमान में पिछले दिन के मुकाबले 2.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। इसके साथ ही तेज धूप भी खिली और मौसम सुहाना रहा। हवा की गुणवत्ता भी मध्यम श्रेणी में रही।



मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार को आसमान में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। सुबह कोहरा छाए रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। इसके बाद आसमान साफ हो जाएगा। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस कम और पिछले दिन से 1.6 डिग्री सेल्सियस कम है। न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.8 डिग्री सेल्सियस कम है। एक दिन पहले न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 28.6 था। 27 फरवरी को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस और 28 फरवरी को 18.4 डिग्री सेल्सियस रहा था। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली का एयर इंडेक्स 125 रहा, जो मध्यम श्रेणी में है। यह इस साल का अब तक का दूसरा सबसे कम एयर इंडेक्स है। इससे पहले 28 फरवरी को एयर इंडेक्स 121 रहा था। इस कारण 28 फरवरी को हवा इस सीजन में अब तक सबसे साफ रही। इससे पहले शनिवार को दिल्ली का एयर इंडेक्स 126 रहा था। रविवार को गाजियाबाद का एयर इंडेक्स 167, ग्रेटर नोएडा और नोएडा का एयर इंडेक्स 102 रहा, जो मध्यम श्रेणी में है।

## लापता श्रमिकों के शव मिले, बचाव अभियान समाप्त, चमोली हिमस्खलन में आठ की मौत



**नई दिल्ली।**

रविवार को जिन चार मजदूरों के शव बरामद हुए हैं, उनकी पहचान उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर के रहने वाले अनिल कुमार (21), उत्तर प्रदेश के फतेहपुर के अशोक (28), हिमाचल प्रदेश के ऊना के हरमेश चंद (30) और देहरादून के क्लेमेंटाउन क्षेत्र के निवासी अरविंद (43) के रूप में हुई है। उत्तराखंड के चमोली जिले में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के कैंप पर हुए हिमस्खलन में बचे हुए चार मजदूरों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इसके साथ ही हिमस्खलन में जान गंवाने वालों की संख्या आठ हो गई है। चमोली के जिलाधिकारी डॉ. संदीप तिवारी ने बताया कि बचाव और तलाशी अभियान के दौरान सभी लापता मजदूरों के शव बरामद कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को हुए हिमस्खलन के कारण 54 मजदूर बर्फ में फंस गए थे, जिनमें से 46 को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि आठ अन्य की मौत हो गई। तिवारी के मुताबिक, रविवार को जिन चार मजदूरों के शव बरामद हुए हैं, उनकी पहचान उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर के रहने वाले अनिल कुमार (21), उत्तर प्रदेश के फतेहपुर के अशोक (28), हिमाचल प्रदेश के ऊना के हरमेश चंद (30) और देहरादून के क्लेमेंटाउन क्षेत्र के निवासी अरविंद (43) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि सात मृतकों के शव को ज्योतिर्मठ लाया गया है, जहां उनका पोस्टमार्टम किया जा रहा है।

## यूक्रेन युद्ध विराम पर दूसरा खाका तैयार

# अमेरिका के सामने नया शांति समझौता पेश करेंगे यूरोपीय देश

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को व्हाईट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच हुई तीखी बहस के बाद जो स्थिति बनी है उसे संभालने में यूरोपीय देशों की तरफ से सक्रियता बढ़ गई है।



अमेरिका ने जहां इस मामले में गेंद पूरी तरह से यूक्रेन के पाले में डाल दी है वहां राष्ट्रपति जेलेंस्की अभी लंदन में हैं। ब्रिटेन के पीएम किएर स्टार्मर के साथ उनकी बेहद गर्मजोशी भरे माहौल में मुलाकात हुई है। जेलेंस्की से मुलाकात करने और आगे की रणनीति बनाने के लिए यूरोपीय देशों के नेता लंदन पहुंच रहे हैं। अभी इस प्रकरण पर यूरोपीय देशों की अगुवाई ब्रिटेन कर रहा है। पीएम स्टार्मर ने कहा है कि यूक्रेन, ब्रिटेन व फ्रांस नये शांति समझौते का प्रारूप तैयार कर रहे हैं जिसे अमेरिका को दिया जाएगा। बहरहाल, इस पूरे प्रकरण ने रूस-यूक्रेन विवाद पर भारत के आधिकारिक रवैये को सही साबित किया है कि इसे वातालर्प व कूटनीति से ही दूर किया जाना चाहिए। आज वाशिंगटन से लेकर लंदन तक कूटनीतिक सक्रियता बढ़ी हुई है। रविवार को दोपहर फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रों भी लंदन पहुंच गये हैं। इसके अलावा जर्मनी, डेनमार्क, नीदरलैंड, नार्वे, पोलैंड, स्पेन, कनाडा, फिनलैंड, स्वीडेन, चेक, रोमानिया, तुर्की के विदेश मंत्री, नाटो के महासचिव, यूरोपीय आयोग की प्रेसिडेंट उसुर्ला लेयेन भी वहां पहुंच रही है। बताया जा रहा है कि यूरोपीय देशों की इस बैठक में रूस और यूक्रेन के बीच होने वाले शांति समझौते के प्रस्ताव को पारित किया जाएगा। इस प्रस्ताव में रूस की तरफ से इस बात की गांरटी मांगी जाएगी कि वह भविष्य में यूक्रेन पर कोई सैन्य हमला नहीं करेगा। रूस की तरफ से हमला होने की स्थिति में यूरोपीय देशों को भी जवाबी कार्रवाई करने का अधिकार होगा।

## पिछले दशक में भारत सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाली वैश्विक अर्थव्यवस्था रहा : धनखड़

**नई दिल्ली।**

हमारा भारत सकारात्मकता और संभावनाओं से भरा हुआ है। यह आशा और आकांक्षाओं से भरा है। हर तरफ और हर जगह हम आशा और संभावनाओं का पारिस्थितिकी तंत्र देख सकते हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि देश ने पिछले एक दशक में तेज आर्थिक वृद्धि दर्ज की है और इस दौरान यह सबसे तेजी आगे बढ़ने वाली वैश्विक अर्थव्यवस्था बन गया है। उपराष्ट्रपति ने यहां भारतीय विचार केंद्र द्वारा आयोजित चौथे पी. परमेश्वरन स्मृति



व्याख्यान में कहा कि 1989 में जब वह सांसद थे और 1991 में जब वह केंद्रीय मंत्री थे, तब माहौल हमें प्रेरित नहीं करता था। उन्होंने कहा, अब हमारा भारत सकारात्मकता और संभावनाओं से भरा हुआ है। यह आशा और आकांक्षाओं से भरा है। हर तरफ और हर जगह हम आशा और संभावनाओं का पारिस्थितिकी तंत्र देख सकते हैं। भारत ने पिछले एक दशक में तेजी से आर्थिक उछाल देखा है।

## वोटर लिस्ट से जुड़ेंगे मोबाइल नंबर और ई-मेल, नाम कटने पर तुरंत आएगा मैसेज

**नई दिल्ली।**

लोकसभा चुनाव हों या विधानसभा के। राजनीतिक दलों की ओर से मतदाता सूची से नाम काटने एवं जोड़ने को लेकर हाल में जिस तरह से आरोपों की बाढ़ आई है उससे निपटने के लिए चुनाव आयोग मुस्तैदी से जुट गया है।

जो अहम कदम उठाने के संकेत मिले हैं, उनमें मतदाता सूची को अनिवार्य रूप से मोबाइल और ईमेल से जोड़ने की तैयारी है। ताकि मतदाता सूची से नाम कटने या जुड़ने पर मतदाताओं को तुरंत ही इसकी जानकारी मुहैया कराई जा सके। देश भर में इसे लेकर व्यापक अभियान चलाने की तैयारी है। मतदाता सूची में अभी किसी का नाम कटने पर उसे नोटिस भेजकर जानकारी देने की व्यवस्था है, लेकिन अधिकतर मामलों में उस पते पर व्यक्ति के न मिलने से वह नोटिस पहुंचता ही नहीं है। या बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) इस पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति कर चुप बैठ जाता है। आयोग से जुड़े उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो मोबाइल और ईमेल के अपडेट होने से मतदाता सूची से नाम कटने से जुड़ी जानकारी न मिलने जैसी सारी समस्या खत्म हो जाएगी।

आयोग की ओर से नाम सूची से हटाने या जोड़ने के साथ ही मोबाइल पर तुरंत संदेश पहुंच जाएगा। खास बात यह है कि इनमें जिस वजह से नाम मतदाता सूची से हटाया गया उसकी भी जानकारी मिल जाएगी। ऐसे में यदि मतदाता इससे संतुष्ट नहीं है तो वह तुरंत उच्च स्तर पर उसे चुनौती भी दे सकेगा।



## संपादक की कलम से

### अश्लीलता का कारोबार


ललित शर्मा
संपादक

हाल ही में यूट्यूब के एक कथित कॉमेडी शो से उठे राष्ट्रव्यापी विवाद के बाद आरोपी यूट्यूबर को गिरफ्तारी से राहत देते वक्त सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी टिप्पणियां की हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में आरोपी से कहा कि उसने अपने दिमाग में भरी गंदगी को उगला है। अदालत ने रणवीर इलाहाबादिया के बयान पर कठोर टिप्पणी करते हुए कहा कि उसकी बातों से बेटियों, बहनों और माता-पिता को भी शर्मिंदगी उठानी पड़ी है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह ने केंद्र सरकार से पूछा कि वह सोशल मीडिया पर अश्लीलता रोकने की योजना बताएं। अन्यथा इस मामले में कोर्ट देखेगा। उल्लेखनीय है कि यूट्यूबर और कॉमेडियन समय रैना के एक शो ह्यइंडियाज गॉट टेलेंटह्न के एक एपिसोड को लेकर पिछले दिनों खासा विवाद हुआ। जिसको लेकर पूरे देश में तल्ख प्रतिक्रिया सामने आई। कई राज्यों में अश्लील टिप्पणी करने वाले यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया के खिलाफ मामले दर्ज किए गए। दरअसल, रणवीर ने एक प्रतिभागी से उसके माता-पिता के निजी संबंधों को लेकर आपत्तिजनक सवाल किए थे। इस अमर्यादित व अश्लील टिप्पणी को लेकर देशव्यापी आलोचना की जा रही है। कालांतर यूट्यूब को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के नोटिस के बाद इस एपिसोड को हटाना पड़ा था। दरअसल सोशल मीडिया पर ऐसी अश्लील व अभद्र टिप्पणी करने का यह पहला मामला नहीं है। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर अनाप-शनाप बकने का सिलसिला पिछले लंबे समय से सोशल मीडिया पर चल रहा है। दरअसल, कई कॉमेडियन व कलाकार विभिन्न कार्यक्रमों में ऐसी बकवास करते रहते हैं ताकि उन्हें नकारात्मक चर्चा से व्यापक पहचान मिल सके। लगातार कोशिश होती रहती है कि वर्जित विषयों को कार्यक्रमों में शामिल करके तरह-तरह के विवाद खड़े किए जाएं। दरअसल, टीवी चैनल भी टीआरपी के गंदे खेल में ऐसे हथकंडे अपनाने से नहीं चूकते, जो विवाद पैदा करें। ऐसे कॉमेडी कार्यक्रमों की लंबी शृंखला है जो अश्लीलता, फूहड़ता और अभद्रता को अपने विषय वस्तु बनाते हैं। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्मों पर वर्जना तोड़ते कार्यक्रमों की बाढ़ सी आई हुई है। विडंबना यह है कि सोशल मीडिया में संपादक नामक संस्था का कोई स्थान नहीं है। जिसके चलते अभिव्यक्ति की आजादी की दुहाई देकर तमाम वर्जित विषयों व संवादों को तरजीह दी जा रही है। एक हकीकत यह भी है कि अभद्र, अश्लील, आपत्तिजनक और पोर्नोग्राफिक कंटेंट से सोशल मीडिया कंपनियों को भी मुनाफा होता है। कार्रवाई की मांग किए जाने पर ये विदेशी कंपनियां अमेरिकी कानून को अपना कवच बनाने का प्रयास करती हैं।

## लक्ष्मीनारायण सेन

### आ रहा नववर्ष

कविता



चहुँ ओर की खिला पौधा पलाश।
जगा मन मे एक नया उमंग विश्वास।।

मिट गया मन की सारी अब भड़ास।
मन मे ना रहा किसी के प्रति हरास।।

पुन: आ रहा वसुंधरा पर नववर्ष।
सबके जीवन मे होगा नव उत्कर्ष।।

प्रकृति स्वागत मे लगा क्या खूब।
चमक रहा सूरज का प्रखर धूप।।

कोयल गाती मीठी कूह की गीत।
लगता सबको यह नुतन वर्ष मीत।।

टपकता महुआ अब जंगल मे।
दिखता जन जाति सब मंगल मे।।

जिधर देखो जिसको देखो अभी।
धरा पर मद मस्त है प्राणी सभी।।

पहले आती रंग पर्व लगाते सब रोली।
त्यागते सारी कटुता मनाते हम होली।।

जड़ पर सुखा पत्ता कोपल है शीर्ष।
तरू कर रहा मन को आज आकर्ष।।

रंग भगवा की बना रहा दर्जी ध्वज।
अभी सज रहा कई की माप की ध्वज।।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# कम से कम तमाशबीन तो न बने


रवि अरोड़ा

वेलकम इंडिया

कॉमर्स स्नातक होने के बावजूद मैं दावे से नहीं कह सकता कि मुझे अर्थशास्त्र की थोड़ी बहुत भी समझ है मगर गोद में बैठी बिल्ली के अहसास को आंखों की कोई खास जरूरत रह ही कहां जाती है। बिल्ली के होने का अहसास क्या इसकी म्याऊं म्याऊं और कोमल बदन से ही नहीं हो जाता ? कुछ कुछ यही स्थिति देश की अर्थव्यवस्था को लेकर आजकल मेरी हो रही है। बेशक आर्थिक मामलों को समझने के लिए हम सामान्य भारतीय अभी उतने परिपक्व नहीं हैं मगर जो आंकड़े सामने आ रहे हैं, उससे तो आशंकाओं के बादल घिर घिर आ रहे हैं। पिछले साल सितंबर माह में शेयर बाजार का सेंसेक्स 85 हजार 836 के चरम पर था मगर अब गोते लगाता लगाता 73 हजार तक पहुंच गया है।

सितंबर में मार्केट पांच ट्रिलियन से अधिक था जो अब लगभग सवा ट्रिलियन घट गया है। अकेले फरवरी माह में निवेशकों को चालीस लाख करोड़ का घाटा हुआ है। मुल्क में दस करोड़ से अधिक निवेशक बताए जाते हैं और यदि म्यूचवल फंड और एलआईसी के निवेशकों को भी जोड़ लें तो यह संख्या और अधिक बड़ी हो जाएगी। ये सभी निवेशक अब सिर धुन रहे हैं मगर इनकी खैर खबर कोई नहीं ले रहा। सरकार चुप हैं, मीडिया खामोश है और नेता भी मुंह में दही जमाए बैठे हैं। यह याद रखने वाली बात है कि 2024 के चुनाव परिणाम आने से पहले गृह मंत्री अमित शाह ने देश का आह्वान किया था कि शेयर बाजार में पैसा लगाइए क्योंकि चार जून को परिणाम आने के बाद शेयर बाजार में जबरदस्त उछाल आएगा। कुछ ऐसी ही बात मोदी जी ने भी कही थी और उसी के फलस्वरूप लोगों ने बाजार में बढ़ चढ़ कर निवेश भी किया था मगर पता नहीं क्यों बाजार डूबने पर अब ये दोनों नेता भी चुप्पी साधे बैठे हैं।

पता नहीं देश में फिर से कोई हर्षद मेहता पैदा हो गया है अथवा छोटे छोटे कई हर्षद मेहता सक्रिय हो गए हैं। कुछ तो गड़बड़ है जिसका खुलासा होना अभी बाकी है। जाहिरी तौर पर बेशक अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और उनकी नीतियों पर सारा ठीकरा फोड़ा जाए मगर देश के भीतर भी क्या क्या खुराफातें हुई है, उनकी बात भी कोई करेगा क्या ? क्या अब से पूर्व पहले कभी किसी प्रधानमंत्री अथवा गृह मंत्री स्तर के नेता ने शेयर बाजार में पैसा लगाने का जनता से आह्वान किया है ? यदि नहीं तो क्या अब इस डूबते बाजार पर उनकी प्रतिक्रिया की उम्मीद करना भी बेजा है ? यकीनन मोदी जी के कार्यकाल की अनेक उपलब्धियां गिनाई जा सकती हैं मगर अर्थव्यवस्था के स्तर पर उनका क्या एक भी फैसला जनोपयोगी साबित हुआ है ? मनमोहन सिंह के दस वर्ष के कार्यकाल में देश की जीडीपी औसतन 6 . 8 थी जबकि तमाम बड़े बड़े दावों के बावजूद मोदी शासन में जीडीपी का औसत 5 . 25 ही रहा। मनमोहन सिंह के कार्यकाल तक देश पर कुल 55 लाख करोड़ का कर्ज था जो मोदी के शासन में 155 लाख करोड़ तक पहुंच गया है। आज देश का कर्ज जीडीपी का 56 फीसदी है, जो पहले कभी नहीं था। खबरें बता रही हैं कि भारत अब दुनिया का सातवां सबसे बड़ा कर्जदार देश है। दिल्ली की गद्दी संभालने की आतुरता में 2014 से पहले मोदी जी डॉलर की गिरती कीमत के बारे में अनेक चुटकियां लेते थे मगर उनके कार्यकाल में डॉलर की कीमत 59 से गिरते गिरते अब 87 रुपए को पार कर गई है। विशेषज्ञ बता रहे हैं कि इसी साल यह सौ को पार कर जाए तो कोई हैरत नहीं। उधर, महंगाई के मोर्चे पर भी सरकार फिसड्डी साबित हुई है। मनमोहन सिंह के कार्यकाल में गैस का सिलेंडर 410 रुपए था जो अब 11 सौ रुपए है। कच्चा तेल कमोवेश सस्ता होने के बावजूद पैट्रोल की कीमत भी 71 रुपए से 96 रुपए तक पहुंच गई। बाकी चीजों का भी यही हाल है।

आज जब शेयर बाजार का गुब्बारा एक बार फिर फूट चुका है, क्या यह समीक्षा नहीं होनी चाहिए कि इसका फायदा किसे और नुकसान किसे हुआ ? क्या यह खुलासा नहीं होना चाहिए कि आगामी दो अप्रैल के बाद जब अमेरिका अपने आयात पर नया शुल्क लगाएगा, उसके बाद भारत में जो आर्थिक तूफान आएगा, उससे बचाव को सरकार ने क्या क्या योजनाएं बनाई हैं ? आज जब विदेशी निवेशकों में भारत से निकाल अपना धन चाइना ले जाने की होड़ सी मची है, उसे थामने को क्या कदम उठाए जा रहे हैं ? यह कोई रॉकेट साइंस नहीं है और सबको पता है कि जैसे जैसे रुपया गिरेगा वैसे वैसे विदेशी निवेश और कम होगा, महंगाई भी बढ़ेगी, क्या सरकार का यह दायित्व नहीं है कि ऐसी चिंताओं पर वह अपनी जनता को विश्वास ले ? चलिए यह भी जाने दीजिए मगर कम से कम सरकार को यह तो बताना ही चाहिए कि अपनी सारी दौलत गंवा कर अवसादग्रस्त निवेशक और ब्रोकर पहले की तरह फिर आत्महत्या को प्रेरित न हों, इसके लिए सरकार क्या कर रही है ? कुछ तो ऐसा करे जिससे पता चले कि सरकार तमाशबीन नहीं है।

(विलंब के कारण न्याय से वंचित)

# न्यायालयों में अनसुलझे मामलों की बढ़ती हुई संख्या

वेलकम इंडिया

देश की न्याय व्यवस्था कई महत्त्वपूर्ण मुद्दों से जूझ रही है, जिसका मुख्य कारण भारतीय अदालतों में अभी भी 5 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। यह लंबित मामले न केवल न्याय में देरी करते हैं, बल्कि कानूनी व्यवस्था में लोगों का भरोसा भी कम करते हैं। इनमें से कई मामले एक दशक से अधिक समय से लंबित हैं, जिनमें से लगभग 50 लाख मामले दस साल से भी अधिक समय पहले शुरू किए गए थे। नीति आयोग ने सुधारों की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया है, चेतावनी दी है कि मामले के समाधान की वर्तमान गति से, केवल निचली अदालतों में लंबित मामलों को हल करने में 300 साल से अधिक लग सकते हैं। भारत में, ₹लंबित मामलों₹ का अर्थ कानूनी ढांचे के भीतर अनसुलझे मामलों की भारी संख्या है। स्थिति विशेष रूप से निचले न्यायिक स्तरों पर गंभीर है, जहाँ अधिकांश मामले दायर किए जाते हैं और न्यायाधीशों की कमी से निपटान नहीं होता है। लंबित मामलों की बढ़ती संख्या भारतीय न्याय वितरण प्रणाली के लिए एक बड़ी चुनौती है। लंबी कानूनी प्रक्रियाएँ ₹न्याय में देरी न्याय से वंचित होने के समान है₹ कहावत को चरितार्थ करती हैं, क्योंकि वे जनता के विश्वास को खत्म करती हैं और व्यक्तियों को समय पर न्याय से वंचित करती हैं। बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि विवाद जैसे मामलों के लंबे समाधान ने सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ दिया है, जिसमें लगभग 70 साल लग गए। अदालतों में मामलों की विशाल मात्रा अदालती दक्षता में बाधा डालती है और लंबित मामलों की संख्या में वृद्धि करती है, जिससे त्वरित न्याय लगभग असंभव हो जाता है। सर्वोच्च न्यायालय में 82, 000 से अधिक और उच्च न्यायालयों में 62 लाख से अधिक मामले लंबित होने के कारण, निर्णयों में बड़ी देरी आम बात है। मुकदमेबाजी का वित्तीय

भारतीय न्यायालयों में अनसुलझे मामलों का मुद्दा एक बड़ी चुनौती है, जिसने न्याय प्रणाली को गहराई से प्रभावित किया है। लंबित मामलों की बढ़ती संख्या न्याय प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई वर्तमान प्रणाली की प्रभावशीलता और दक्षता पर गंभीर सवाल उठाती है। ऐसी देरी का कानूनी ढांचे पर हानिकारक और व्यापक प्रभाव पड़ता है। लंबी कानूनी प्रक्रियाएँ न्याय की पहुँच में बाधा डाल सकती हैं, जिससे व्यक्तियों और व्यवसायों दोनों को नुकसान होता है। जैसे-जैसे मामले लंबित होते हैं, कानूनी प्रणाली में जनता का भरोसा कम होता जाता है, जिससे इसकी विश्वसनीयता को लेकर निराशा और संदेह पैदा होता है। नतीजतन, लोग विवादों को निपटाने के लिए वैकल्पिक साधनों की ओर रुख कर सकते हैं। यह लंबित मामला देरी का एक चक्र बनाता है, जिससे अदालतों के लिए नए मामलों को निपटाना मुश्किल हो जाता है, जिसके परिणामस्वरूप अंतत: अनसुलझे मामलों की संख्या लगातार बढ़ती जाती है। **-प्रियंका सौरभ**



प्रियंका सौरभ, कवयित्री, स्वतन्त्र पत्रकार एवं स्तम्भकार

बोझ आर्थिक विकास को भी बाधित करता है, क्योंकि यह संसाधनों को खत्म करता है और व्यक्तियों और व्यवसायों को कानूनी कार्यवाही करने से हतोत्साहित करता है। भारत में न्यायिक देरी की अनुमानित लागत दो मिलियन डॉलर से अधिक है। न्याय प्रणाली पर लंबित मामलों का प्रभाव गहरा और दूरगामी है। लंबे समय तक चलने वाले मामले कानूनी प्रणाली में जनता के विश्वास को खत्म कर सकते हैं, जिससे इसकी प्रभावशीलता के बारे में निराशा और संदेह पैदा होता है, जिससे कुछ लोग वैकल्पिक विवाद समाधान विधियों की तलाश करने लगते हैं। देरी का यह चक्र समस्या को और बढ़ाता है।

न्यायिक देरी में योगदान देने वाला एक महत्त्वपूर्ण कारक जनसंख्या के लिए न्यायाधीशों का अपर्याप्त अनुपात है। भारत में, विकसित देशों की तुलना में कानूनी प्रणाली बहुत धीमी गति से काम करती है, जहाँ हर दस लाख निवासियों के लिए केवल 21 न्यायाधीश उपलब्ध हैं। सरकार सबसे बड़ी वादी है, जो सभी लंबित मामलों में से लगभग आधे मामलों के लिए ज़िम्मेदार है, जिनमें से कई तुच्छ




मुद्दों पर अपील में बंधे हैं। सीमित कोर्ट रूम स्पेस और पुरानी केस मैनेजमेंट प्रथाओं जैसी चुनौतियों से लंबी अदालती कार्यवाही और भी जटिल हो जाती है। दिल्ली उच्च न्यायालय मध्यस्थता केंद्र ने 15 वर्षों में 200, 000 से अधिक मामलों को सफलतापूर्वक हल किया है, जो वैकल्पिक विवाद समाधान विधियों की प्रभावशीलता को उजागर करता है। दुर्भाग्य से, वकील और वादी दोनों अक्सर स्थगन का दुरुपयोग करते हैं, जिसके कारण मामले सालों या दशकों तक टल जाते हैं। मैन्युअल दस्तावेजीकरण और पुरानी कानूनी प्रक्रियाओं पर निर्भरता मामलों के समय पर समाधान में बाधा डालती है, जिससे अनावश्यक नौकरशाही बाधाएँ पैदा होती हैं। लंबित मामलों के बैकलॉग को कम करने के लिए, यह सुनिश्चित करना महत्त्वपूर्ण है कि कार्यवाही निरंतर हो। इसमें बढ़ती आबादी को समायोजित करने के लिए न्यायालय स्टाफिंग और बुनियादी ढांचे में निवेश करना शामिल है। न्यायालयों की संख्या बढ़ाने और पर्याप्त सहायक कर्मचारियों को नियुक्त करने से प्रक्रिया में तेजी लाने में मदद मिल सकती है। मामलों को अधिक तेजी से ट्रैक करने और आगे बढ़ाने के लिए प्रभावी केस प्रबंधन रणनीतियों को लागू करना भी महत्त्वपूर्ण है। उचित रूप से प्रबंधित मामलों के समय पर समाधान तक पहुँचने की अधिक संभावना होती है। कानूनी प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए कानूनों की नियमित समीक्षा और संशोधन अनिश्चितता को कम करने और कानूनी कार्यवाही में तेजी लाने के लिए आवश्यक है।

वाणिज्यिक विवादों के त्वरित समाधान की सुविधा के लिए, वाणिज्यिक न्यायालय अधिनियम 2015 स्थगन पर सख्त नियम लागू करता है। मुकदमेबाजी से पहले मध्यस्थता को अनिवार्य करके वैकल्पिक विवाद समाधान को बढ़ावा देने से अदालतों पर बोझ कम करने में मदद मिल सकती है। मध्यस्थता अधिनियम (2023) वाणिज्यिक और नागरिक विवादों में मध्यस्थता को अनिवार्य बनाकर इसका समर्थन करता है, जिसका उद्देश्य अदालती लंबित मामलों को कम करना है। एक मजबूत लोकतंत्र न्याय के त्वरित और प्रभावी वितरण पर निर्भर करता है। न्यायिक देरी से निपटने के लिए, न्यायिक बुनियादी ढांचे को बढ़ाना, मौजूदा रिक्तियों को भरना, ऐआई-संचालित केस प्रबंधन को अपनाना और वैकल्पिक विवाद समाधान को बढ़ावा देना आवश्यक है।

न्यायिक जवाबदेही को दूरदर्शी नीति ढांचे के साथ जोड़कर, भारत की न्याय प्रणाली अधिक निष्पक्ष, सुलभ और समय पर बन सकती है। यह आशा की जाती है कि सभी हितधारक-न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, सरकारें और कानूनी पेशेवर-न्याय वितरण प्रणाली को मजबूत करने और कानून के शासन को बनाए रखने के लिए अपनी भूमिका निभाएंगे। भारतीय अदालतों में लंबित मामलों से निपटने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें तकनीकी प्रगति के साथ-साथ प्रशासनिक, कानूनी और बुनियादी ढाँचे में सुधार शामिल हो। हालाँकि प्रगति हुई है, लेकिन कानूनी प्रणाली में विश्वास बहाल करने और विवादों का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास महत्त्वपूर्ण हैं। भारतीय न्यायपालिका मूल कारणों से निपट सकती है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अभिनव समाधान लागू कर सकती है।

# भारतीय राजनीति में बुद्धिमान नहीं 'वफादार ' होना जरूरी


तनवीर जाफरी

वेलकम इंडिया

इन दिनों कांग्रेस पार्टी के नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री व तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस पार्टी के सांसद शशि थरूर को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। शशि थरूर संयुक्त राष्ट्र की नौकरी छोड़कर 2009 में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए थे। उसके बाद वे लगातार चार बार केरल की तिरुवनंतपुरम सीट से लोकसभा सांसद निर्वाचित होते रहे हैं। पिछले दिनों उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस के मलयालम पॉडकास्ट से बात चीत के दौरान यह कह दिया की यदि कांग्रेस पार्टी को उनकी सेवाओं की जरूरत नहीं है तो उनके पास 'विकल्प' हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि ₹अगर पार्टी उनका इस्तेमाल करना चाहती है तो वे पार्टी के लिए उपलब्ध रहेंगे। अन्यथा मेरे पास करने के लिए मेरी चीजें हैं। आपको नहीं सोचना चाहिए कि मेरे पास दूसरे विकल्प नहीं हैं।' उन्होंने कहा कि ₹मेरे पास मेरी किताबें, भाषण, और पूरी दुनिया से बातचीत करने के लिए निमंत्रण हैं। ₹ थरूर के इस बयान से इन अटकलों को बल मिलना स्वाभाविक था कि क्या अब थरूर भी कांग्रेस को अलविदा कह सकते हैं।

इस खबर के साथ ही मीडिया में इस बात को लेकर भी अटकलें लगाई जाने लगीं कि यदि थरूर कांग्रेस पार्टी छोड़ते हैं तो क्या वे भी भारतीय जनता पार्टी की शरण में जायेंगे ? खासकर पूर्व में उनके द्वारा भाजपा सरकार की कुछ नीतियों की तारीफ किये जाने से इन कयासों को अधिक बल मिला। जैसे कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे के समय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से उनकी मुलाकात की प्रशंसा की। उन्होंने मोदी के अमेरिका दौरे को काफी अच्छा बताया। इसी तरह थरूर ने एफ-35 लड़ाकू विमान को खरीदने में भारत की दिलचस्पी की तारीफ यह कहकर की कि ये विमान काफी कीमती है। जबकि उन्हीं की पार्टी के नेता व कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भारत सरकार द्वारा इस विमान को खरीदने में दिलचस्पी की आलोचना की। सुरजेवाला का कहना था, कि जिस ॠ 35 को एलन मस्क 'कबाड़' बता चुके हैं उसे नरेंद्र मोदी खरीदने पर क्यों तुले हुए हैं। इसी तरह थरूर ने सोशल मीडिया एक्स पर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के व्यापार मंत्री जोनाथन रेनल्ड्स के साथ एक सेल्फी पोस्ट करते हुये लिखा था कि ₹लंबे समय से रुकी हुई एफटीए वार्ता फिर से शुरू हो गई है, जो स्वागत योग्य है। ₹ बेशक सरकार के प्रति इस तरह के अप्रत्याशित वक्तव्य भाजपा के प्रति थरूर के सकारात्मक होने का संकेत दे रहे थे। परन्तु जब थरूर से भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्वयं को एक 'क्लासिक उदारवादी' बताते हुये कहा कि - मैं सांप्रदायिकता का विरोध करता हूं और आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक न्याय में विश्वास करता हूं। उन्होंने कहा, ' हर पार्टी का अपना विश्वास और इतिहास होता है।

# पत्रकारों ने मनाया होली महोत्सव

वेलकम इंडिया



## खेली फूलों से होली

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट, उपज के तत्वाधान में होली मिलन समारोह का शुभारंभ चिंतामणी कुंज आश्रम के महामंडलेश्वर डॉक्टर आदित्यनाथ गिरी जी महाराज ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। ब्रज के पत्रकारों ने फूलों से होली खेलकर एक दूसरे को बधाई दी। राधा और कृष्ण सुंदर झांकियों ने होली के रसिया गानों पर नृत्य करके सबका मन मोह लिया।

उपज के जिला अध्यक्ष अतुल कुमार जिंदल ने कहा कि ब्रज की होली प्रेम और समरसता की विश्व प्रसिद्ध होली है जो बसंत ऋतु में 40 दिन तक खेली जाती है । कार्यक्रम में ब्रज के कलाकारों ने होली के रसिया और काव्य पाठ से समा बांध दिया। उपज के जिला अध्यक्ष अतुल कुमार जिंदल और उपज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सामलिया फॉर्म हाउस के चेयरमैन यशवीर सिंह राघव ने कहा कि ब्रज की होली हमारी सांस्कृतिक धरोहर है यहां रंग, गुलाल, लट्ठ, छड़ी, लड्डू, और पुष्पों से प्रेम की अलौकिक होली खेली जाती है ।सभी अतिथियों और पत्रकारों का बांके बिहारी और पटुका पहना कर सम्मान किया।

कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव ठाकुर विष्णु पहलवान ने किया।

महाराणा प्रताप सेवा सदन के संरक्षक डॉ नवल सिंह, अध्यक्ष ठाकुर सुजान सिंह, महामंत्री ठाकुर सियाराम प्रधान, करनी सेना जिलाध्यक्ष कन्हैया ठाकुर ,भाकियू भानु जिलाध्यक्ष देवेन्द्र पहलवान, निरीक्षक रंजना सचान, अजय शर्मा, सौरभ सिसोदिया, बंटी सिसोदिया सतीश छौंकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पवन जीत सिंह चौधरी, उषा सोलंकी, ललिता शर्मा, चेतन राघव, लखन, पवन अग्रवाल , गौरव चौहान, उपज के पदाधिकारी जिला उपाध्यक्ष विजय सिंघल, साहूकार शर्मा, वीरेंद्र सिंह छौंकर, विपिन अग्रवाल, तुलसीराम, राजू, असकर, शैलेन्द्र मिश्रा, सुनील राज, टाइम्सलर, खुराना, सोनम, हितेश अग्रवाल आदि रहे।

## 9 वर्षीय अकदस अदनान ने रखा अपने जीवन का पहला रोजा



**संतकबीरनगर।** सेमरियावा ब्लाक क्षेत्र के सेहुड़ा गांव निवासी 9 वर्षीय अकदस अदनान पुत्र मोहम्मद अदनान ने अपने जीवन तथा रमजानुल मुबारक का पहला रोजा रविवार को रखा। रमजानुल मुबारक के पाक माह की आमद पर अकदस ने कहा कि वह भी इस बार रोजा रखेंगे तथा सेहरी करेंगे ।अकदस के अनुसार रविवार को सेहरी खाने के बाद दोपहर तक भूख प्यास की शिद्दत का एहसास नहीं हुआ लेकिन तीन बजे बाद भूख और प्यास की शिद्दत का एहसास हुआ लेकिन रोजा नहीं तोड़ा और शाम को पूरे परिवार के साथ अफ्तारी की तथा तरह-तरह के भोजन समेत अन्य खाने-पीने की चीजों का लुत्फ उठाया ।अकदस के रोजा रखने पर पूरे परिवार ने मुबारकबाद दी तथा मनपसंद की चीजें खिलाईं।

# इंडियन ऑयल पाइपलाइंस ने हरिवंश महाप्रभु की जन्मभूमि में लगाया वाटर कूलर

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** वंशी अवतार रसिकाचार्य गोस्वामी श्रीहित हरिवंश चन्द्र महाप्रभु की जन्मभूमि (श्रीजी मंदिर) बाद ग्राम में इंडियन ऑयल उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइंस ने श्रद्धालुओं के सुविधानुसार गर्मियों के मौसम को देखते हुए सीएसआर निधि से वाटर कूलर भेंट किया गया। इंडियन ऑयल पाइपलाइंस द्वारा लगाए गए वाटर कूलर की लोगों ने खूब सराहना की है। बता दें कि इंडियन ऑयल उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइंस द्वारा ब्रज क्षेत्र के अलग-अलग स्थनों में 4 वाटर कूलर लगाकर सेवाएं की गई हैं।

जिनमें प्रमुख रूप में पुरानी गोकुल-महावन स्थित बाबा चिंताहरण महादेव मंदिर एवं हरिवंश महाप्रभु की जन्मभूमि (श्रीजी मंदिर) बाद ग्राम सहित 2 अन्य स्थान शामिल हैं। इंडियन ऑयल उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइंस के अधिकारियों ने लोगों को तेल पाइपलाइंस के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि तेल पाइपलाइंस राष्ट्र की संपत्ति है, तेल पाइपलाइंस का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान है। साथ ही तेल पाइपलाइंस की सुरक्षा संबंधित जानकारी भी लोगों की दी गई। इंडियन ऑयल उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइंस के अधिकारियों ने यह भी कहा कि उनका यह भाव है कि जो भक्तजन ब्रज में दर्शन मेला आदि करने आते हैं, उन्हें गर्मियों के मौसम में भी पीने के लिए शीतल जल सेवा मिल सके। हिताचार्य पीठ श्रीजी मंदिर बाद ग्राम महंत दम्पति शरण महाराज ने इंडियन ऑयल उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइंस द्वारा चलाई गई मुहिम की बेहद सराहना की है। इस मौके पर इंडियन ऑयल उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइंस के प्रबंधक अंकुर चौहान, सहायक प्रबंधक विपिन यादव सहित अन्य अधिकारीगण एवं रिफाइनरी क्षेत्र प्रेस क्लब के अध्यक्ष दिनेश सिंह तरकर, मदन पंडित, राधावल्लभ उपाध्याय, चंदन सिंह तरकर सहित अन्य लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# श्रीकृष्ण कृपा धाम में ठाकुर कृपा बिहारी महाराज का द्विदिवसीय वार्षिक पाटोत्सव 04 मार्च से



**वृन्दावन।** परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीकृष्ण कृपा धाम में ठाकुर कृपा बिहारी महाराज का द्विदिवसीय वार्षिक पाटोत्सव महामंडलेश्वर, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के पावन सानिध्य में दिनांक 04 से 05 मार्च 2025 पर्यन्त अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया है। मीडिया प्रभारी डॉक्टर गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि पाटोत्सव के अंतर्गत 04 मार्च को अपराह्न 02:30 बजे से देश-विदेश से आए सैकड़ों भक्तों-श्रद्धालुओं के द्वारा गिरिराज गोवर्धन की सप्त कोसी परिक्रमा की जाएगी ।जिसका शुभारंभ राधाकुंड से होगा। 05 मार्च को प्रातः 06 बजे ठाकुर श्रीकृपा बिहारी महाराज का वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा ।तत्पश्चात 08 बजे गीता पाठ और सत्संग आदि के कार्यक्रम भी संपन्न होंगे। संत शक्ति स्वरूप ब्रह्मचारी और वासुदेव शरण महाराज ने सभी भक्तों-श्रद्धालुओं से इस महोत्सव में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# हरियाणवी सांगों से देररात तक गूंजता रहा केएमयू परिसर



**मथुरा।** कृष्ण मोहन विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव कृदय-2025 के तहत बीतीरात स्टार नाइट सिंगर अजय हुड्डा-खुशी बालियान की बेहतरीन प्रस्तुतियों के नाम रही। अजय हुड्डा और खुशी बालियान ने शानदार प्रस्तुतियां से विद्यार्थियों के साथ सभी में जोश भर दिया। उन्होंने मंच पर पहुंचते ही एक के बाद एक हरियाणवी सांगों की धमाकेदार प्रस्तुतियां दीं। कृदय-2025 उत्सव को लेकर पिछले सात दिनों से विवि के छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित नजर आ रहे है। गीत, संगीत पर जमकर ऐसे थिरके छात्र कि पूरा परिसर खुशनुमा हो गया। केएमयू परिसर स्थित खेल मैदान में आयोजित कृदय-2025 के समापन सत्र के पहले चरण के रंगारंग कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं विधायक श्रीकांत शर्मा, विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी के साथ दीप प्रज्जवलित करके किया।

# छाता मे जस्सी किन्नर व उसके साथ के किन्नरों का आंतक

वेलकम इंडिया

- किन्नरों के साथ रहने वाले गाडी चालक पर है गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज

**मथुरा/छाता।** कस्बा छाता सहित छाता देहात में इन दोनों नकली किन्नर का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। प्राय देखने में मिलता है कि किन्नरों को लोग अपनी खुशी से जो भी देते हैं वह खुशी रूप में स्वीकार करने चाहिए परंतु छाता में जस्सी किन्नर के साथ रहने वाले आधे से ज्यादा किन्नर तो लड़के हैं जो की किन्नर बनकर जनता को परेशान कर रहे हैं।

नाम न छापने की शर्त पर छाता निवासी ने जानकारी देते हुए बताया कि उसके माता पिता नहीं है ।भाई की दूसरी शादी हुई है ।फिर भी अपनी इच्छा से 2100 रुपए और मिठाई दे रहे है पर जस्सी किन्नर 11000 रुपए व सोने की अंगूठी की मांग की है ।अब पीडित इसलिए परेशान हैं कि कर्जा करके किस से पैसे ले। अगर नही दिये तो गंदी-गंदी गालियां तथा नाच कूद करने लग जायेंगे। मजबूर होकर उसने किसी से पैसे उधार लेकर इनको देने पड जायेंगे। वही सवाल उठता है कि अपनी मर्जी से दिया गया नेग ज्यादा सही रहता है या इन किन्नरों के द्वारा मांगा गया मनमानी का नेग??

वही छाता देहात के लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस किन्नर के साथ एक लखन नामक ड्राइवर भी रहता है जिस पर 307 जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत हैं और वह लगातार कस्बे के लोगों को आए दिन परेशान करता रहता है।

# आणू मोहल्ला स्थित प्राचीन सूर्य और छुरमल देवता के मंदिर के सौंदर्यीकरण का विधायक गड़िया ने किया शिलान्यास

वेलकम इंडिया



**कपकोट।** विधायक सुरेश गढ़िया ने नगर के शिवालय वार्ड के आणू मोहल्ला स्थित प्राचीन सूर्य औ? छुरमल देवता के मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए वैदिक मन्त्रोचार के साथ भूमि पूजन और शिलान्यास किया। उन्होंने मंदिर क्षेत्र के सुन्दरीकरण के लिए अपनी निधि से एक लाख रुपया मंजूर करने की घोषणा की। यहां पहुंचने पर उनका ढोल नागाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया।

विधायक गढ़िया ने कहा कि संसार को रोशनी देने और लोगों को गौ पालन के लिए प्रेरित करने वाले छुरमल देवता पर लोगों की गहरी आस्था है ।मंदिर का ससमय जीर्णोद्धार होने पर क्षेत्र को लोगों को पूजा अर्चना में खाशी सुविधा होगी ।कहा कि शासन से नगर वासियों के पीने के पानी की सुविधा के लिए सरयू से 18 करोड़ रुपए की योजना मंजूर करा दी है। जिसका काम जल्दी ही शुरू करवा दिया जाएगा सिलकानी और बिखातीगाँव को सड़क से जोड़ने के लिए सर्वे कार्य शुरू हो गया है। जिन लोगों के पास घर नहीं है वह जल्दी ही पीएम आवास के तहत आवेदन करें।

कहा कि नगर की समस्याओं के समाधान में वार्ड सभासदों की महत्वपूर्ण भूमिका तय कर दी है। उन्होंने राज्य और केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उनका भरपूर लाभ उठाने को कहा लोगों से विकास कार्यों को देख बौखलाया विपक्ष की किसी भी अफवाह से सावधान रहने को कहा ।वक्ताओं ने संतोष उपाध्याय (सोनू) द्वारा मंदिर और रास्ते के लिए अपेक्षित भूमि दान करने पर उनकी सराहना की।

शिक्षक दयाल चंद्र जोशी ने संचालन करते हुए विधायक को अभिनंदन और मांग पत्र सौपा। पूर्व ग्राम प्रधान गणेश चंद्र उपाध्याय आदि ने विचार रखे। पंडित बसंत बल्लभ जोशी ने मंत्रोचार किया। वहां भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश कोरंगा, पूर्व प्रमुख मनोहर राम, सभासद गजेंद्र कपकोटी, पूर्व सभासद गिरीश जोशी, विपिन चंद्र जोशी, भाजपा नेता आनंद मेहता, चंद्र सिंह कपकोटी, राम चंद्र जोशी, नवीन, जगदीश, हेमवती नंदन, हेम, राजेश (रोहन) जोशी, महिमन कपकोटी, धीरज जोशी, व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष नवीन उपाध्याय, लीलाधर उपाध्याय, रामजी त्रिपाठी आदि मौजूद थे।

## अज्ञात कारणों से घर में लगी आग, गृहस्थी का सामान राख

**शिकारपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खलसिया में शनिवार-रविवार की रात एक मजदूर के घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इससे घर गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। इसके साथ ही बाहर खड़ी बाइक भी आग की चपेट में आ गई हालांकि मोटरसाइकिल को 80% सुरक्षित बचा लिया। आग से करीब एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव खलसिया माजरा सरावा निवासी भानप्रकाश पुत्र हरि सिंह अपने परिवार के साथ शनिवार - रविवार की रात सो रहे थे अज्ञात कारणों से घर में रखें घरेलू सामान में आग लग गई जिससे घरेलू सामान जलकर राख हो गया। बाहर खड़ी मोटरसाइकिल भी आग की चपेट में आ गई हालांकि मोटरसाइकिल में आग पूरी तरीके से नहीं सिल्की थी मोटरसाइकिल को 80% सुरक्षित बचा लिया।

# छाता प्रेस क्लब करेगा छाता मे जमीन की मांग

वेलकम इंडिया

- छाता प्रेस क्लब के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष व उपजिलाधिकारी छाता से की जायेगी मांग

**मथुरा/छाता-** लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकार को आमजीवन मे बडी समस्याओं से गुजरना पडता है ।छाता तहसील के छाता प्रेस क्लब के पत्रकारों साथियों ने छाता मे प्रेस क्लब के लिए जमीन दिये जाने की मांग की ।आपको बता दें पूर्व मे पत्रकारों द्वारा समय समय पर जमीन दिये जाने की मांगों को उठाया गया है परंतु किसी ने पत्रकारों की समस्या को समझने का प्रयास ही नहीं किया ।छाता प्रेस क्लब के सभी पत्रकारों ने बताया कि सभी साथी आने वाले दिनों मे उपजिलाधिकारी छाता तथा नगर पंचायत छाता अध्यक्ष से छाता प्रेस क्लब के लिए जमीन उपलब्ध कराने की मांग करेंगे।

छाता प्रेस क्लब के संरक्षक सुनील पांडेय ने बताया कि पत्रकार सभी की समस्याओं को सुनते व अधिकारियों तक पहुंचाते हैं ऐसे मे छाता प्रेस क्लब के लिए एक जगह होना आवश्यक है जिससे कोई भी पीडित एक ही स्थान पर अपनी समस्या बता सकता है ।वही छाता प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरूण ठाकुर ने बताया कि आने वाले समय मे मांग की जायेगी तथा पत्रकारों के हितों को ध्यान मे रखते हुए जमीन की मांग सर्वोपरि रहेगी ।इस दौरान प्रेस क्लब के सभी पदाधिकारी धर्मवीर, मानवेन्द्र, प्रताप सिंह, श्वेतांक, राजू, दिनेश, भगतसिंह, कुंजबिहारी पांडेय, सौरभ वार्ष्णेय, सतवीर सिंह, सोनू गौड, संतोष कुमार शामिल रहे।

# सरयू नदी में पत्थर में कपड़े से लिपटा हुआ दिखने पर शव समझ इसे सोशल मीडिया में भेजने से मची सनसनी

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** नारायण देव वार्ड के त्युनरा के समीप सरयू नदी में अचानक नदी के बीच मे एक पत्थर के समीप अचानक लोगों को सड़क से गुजरते हुए नदी में एक संदिग्ध चीज नजर आई ।लोगों को नदी में एक शव दिखने जैसा नजर आया ।जिसके बाद वहां लोगों की भीड़ जमा होने लगी ।हर किसी को कपड़े के आधार पर नदी में किसी व्यक्ति की आकृति होने और दूर से देखने मे शव जैसा दिखने पर शोशल मीडिया में वायरल कर दिया ।जिसके बाद मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को मिली ।जिसके बाद कोतवाल कैलाश नेगी दलबल के साथ मौके पर पहुँचे ।जिसके बाद पुलिस टीम संदिग्ध स्थान पर पहुँची ।जहाँ पहुचने पर पुलिस टीम को नदी में एक पत्थर के बीच एक खराब गद्दे के पानी मे एक कपड़े के बीच रुका हुआ पाया गया ।जिसके बाद पुलिस टीम ने भी राहत की सांस ली ।वही मौके पर कई लोगों की भीड़ भी एकत्रित हो गई थी ।मामले में

कोतवाल नेगी ने लोगों से अपील की है कि अगर किसी को इस तरह की आशंका होती है तो वह बगैर पूरी पड़ताल किए बिना सोशल मीडिया पर वीडियो व फोटो वायरल न करें, और इसकी सूचना पुलिस को दें साथ ही इसकी सूचना पुलिस को 112 पर सूचना दे ।बिना पुष्टि के शोशल मीडिया में कोई भी भ्रामक सन्देश ना भेजें। सोशल मीडिया में डालकर भय का माहौल पैदा करना ठीक नहीं है।

# अटेवा के सदस्यों ने सांसद छत्रपाल गंगवार एवं डॉ अरुण कुमार को दिया ज्ञापन

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** अटेवा के बैनर तले बड़ी संख्या में अपनी मांगो को लेकर मनोहर भूषण इंटर कॉलेज के मैदान में रविवार को शिक्षक, रेलवे कर्मचारी, सफाई कर्मचारी एवं अन्य विभागों के कर्मचारी एकत्र हुए। जिसके बाद बरेली सांसद छत्रपाल गंगवार कर्मचारियों के बीच आए और अटेवा के पदाधिकारियों से वार्ता की, इससे पहले अपने बीच पहुंचे सांसद का अटेवा संगठन के पदाधिकारियों ने फूल मालाओं से स्वागत किया गया। अटेवा के जिला अध्यक्ष मुनीष गंगवार ने अपनी पूरी टीम के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन सांसद छत्रपाल गंगवार को पढ़ कर सुनाया और इस विश्वास के साथ दिया कि पुरानी पेंशन जल्द ही लागू की जाएगी। सांसद छत्रपाल गंगवार ने सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों को आस्वस्त किया कि वह कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली के लिए देश के प्रधानमंत्री तक उनका संदेश जरुर पहुंचाएंगे। इसके बाद रेलवे के कर्मचारियों ने भी सांसद छत्रपाल गंगवार को अपना ज्ञापन दिया और जोरदार नारे लगाए। इसके बाद सभी कर्मचारी पंक्तिबद्ध होकर नारे लगाते हुए वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार के कार्यालय पर पहुंचे जहां पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन डॉ अरुण कुमार को भी दिया। डॉक्टर अरुण कुमार ने भी शिक्षक कर्मचारीयों की मांगों को लेकर प्रधानमंत्री तक उनकी बात पहुंचाने का आश्वासन दिया और उन्होंने कहा कि यह पत्र में आज ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लिए प्रेषित करूंगा। इसके बाद मुनीष गंगवार द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया एवं कार्यक्रम में पहुंचे सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

# मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शिक्षा में परिवर्तन नजर आ रहा है : श्रुति गंगवार

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** पुस्तक विमोचन के अवसर पर अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के सभागार में कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में बैंक की चेयरपर्सन एवं झारखंड के राज्यपाल महामहिम संतोष गंगवार की बेटी श्रुति गंगवार ने कहां कि अब देश में परिवर्तन नजर आ रहा है चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो या दूसरा कोई क्षेत्र हो, विशेष रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत जो परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं उससे निश्चित रूप से देश में बहुत बड़ा बदलाव आएगा और अपना देश सौ प्रतिशत साक्षर ही नहीं बनेगा बल्कि गुणवत्ता परक शिक्षा हर बच्चे को सुलभ होगी।

उन्होंने इससे पूर्व बेसिक शिक्षकों द्वारा लिखी गई पुस्तक गवेषणा तथा नावोनमेष जिनका संपादन राज्य संदर्भ समूह के सदस्य डॉक्टर अनिल चौबे ने किया का विमोचन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने बेसिक शिक्षकों को शुभकामनाएं प्रेषित की एवं बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने की प्रेरणा दी।

उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि बरेली में बेसिक शिक्षा में बदलाव नजर आ रहा है, उन्होंने कई शिक्षकों का नाम लेकर उनकी तारीफ की, विधायक डॉ राघवेंद्र शर्मा ने पुस्तक के लेखन मंडल के सदस्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि संपादक मंडल के सदस्य अनिल चौबे, धर्मवीर गंगवार, लाल बहादुर गंगवार, संजीव शर्मा वास्तव में बधाई के पात्र हैं। उनके पिछले 6 महीनो की मेहनत का ही परिणाम है की इतने कम समय में दोनों पुस्तकों को अंतिम रूप दिया जा सका। राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे ने उपस्थित सैकड़ो शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमको बालिकाओं की सुरक्षा के लिए सचेत रहना है, महिला आयोग की सदस्य ने कहा यदि किसी भी स्तर पर बालिकाओं तथा महिलाओं के क्षेत्र में दिक्कत आती है तो हमारा आयोग सदैव सहायता के लिए तत्पर है। साहित्यकार एवं शिक्षाविद इंद्रदेव त्रिवेदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर एक कविता सुनाई तथा उन्होंने राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा के संदर्भ में बेसिक के बच्चों के संदर्भ में कई प्रमुख बातों का उल्लेख किया। इससे पूर्व अतिथियों को शाल उढाकर और स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रेम बाबू गंगवार, रमेश सागर, राहुल यदुवंशी, रेनू चौबे, राखी, सारिका सक्सेना, शुमैला, दीपा गुप्ता, देवेंद्र पाल सिंह, कृष्ण स्वरूप सक्सेना, अनिल कुमार, शिखा अग्रवाल, रोहित शर्मा, उपासना मलिक, अमित कुमार, समीना फातिमा, साइना अख्तर, रीना मिश्रा, उषा गंगवार, पूनम गंगवार, रुचि तोमर, आशीष त्रिवेदी आदि उपस्थित रहे एवं सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक लाल बहादुर गंगवार को पुस्तकों में संपादन हेतु मंच द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं शाल उढ़ाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन धर्मवीर तथा लाल बहादुर गंगवार ने किया।

# शिक्षक मोहम्मद सगीर की हार्ट अटैक से मौत

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** शिक्षक एवं नगर पालिका के पूर्व सभासद मोहम्मद सगीर (55) का रविवार की दोपहर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।उनकी अचानक मौत की खबर से उनके आवास पर शुभचिंतकों की भीड़ लग गयी।परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।वह जनपद लखीमपुर खीरी के ब्लॉक धौरहरा स्थित परिषदीय विद्यालय में कार्यरत थे।

नगर के मोहल्ला यूसुफ निवासी हाजी मोहम्मद सगीर (55) जनपद लखीमपुर खीरी के ब्लॉक धौरहरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत थे।परिजनों के अनुसार वह वहां से कल शाम घर आये थे।रविवार की सुबह 10 बजे वह नगर के एक युवक के दफन में शरीक हुए और कब्रिस्तान से वापसी पर घर आकर अचानक उनके सीने में दर्द महसूस हुआ।परिजन उन्हें स्थानीय सीएचसी ले गए।जहां चिकित्सकों ने दवाई देकर घर भेज दिया।जिसके बाद उनकी हालत में कुछ सुधार हुआ।लेकिन बताते हैं कि एक घण्टे बाद उनकी हालत पुनः बिगड़ गयी।परिजन और शुभचिंतक आननफानन में उन्हें नगर के एक निजी चिकित्सक के यहाँ ले गए,जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

उनके निधन की खबर से जहां परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है,वहीं नगर में शोक की लहर दौड़ गयी।

मास्टर मोहम्मद सगीर सरकारी सेवा में जाने से पहले वार्ड 16 से निर्वाचित सभासद रहे।उनकी पत्नी दिलशाद परवीन तीसरी बार सभासद हैं।वह बेहद मिलनसार होने के साथ ही समाजसेवा के कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे और जरूरतमंदों की मदद के लिए हर वक्त तैयार रहते थे।उनके निधन की खबर से पूरा नगर शोक में डूब गया है।जैसे ही लोगों को इस दुःखद समाचार की जानकारी मिली, वे स्तब्ध रह गए और भारी मन से उनके घर की ओर दौड़ पड़े।देखते ही देखते उनके घर पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।उन्होंने अपने पीछे पत्नी सहित दो बेटे और दो बेटियां छोड़ी हैं।

पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज और उनके पति हाजी सरफराज आलम पूर्व अध्यक्षपति मकसूद लाला,समाजसेवी हाजी मोहम्मद जमील,विधायक प्रतिनिधि शरीफ जमील, शिक्षक सईद रहमानी, लईक सैफी, डॉक्टर रिजवान,सईद सागर, मोहम्मद तनवीर, उमर फारूक,डॉक्टर असद,जुनैद रहमानी और नेता अकीलुर्रहमान सहित विभिन्न सभासद और पालिका के प्रधान लिपिक धनीराम सैनी,लेखा लिपिक शुभम भारती आदि उनके आवास पर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की।

## शादी में फूल बरसाने वाली लड़की के कमरे में घुसे दरिंदे, दुष्कर्म की कोशिश

**बुलंदशहर।** जिले में शादी समारोह में लोगों के स्वागत के लिए फूल बरसाने आई अनूपशहर निवासी युवती से गांव ऐंचाना स्थित एक बैंक्वेट हॉल में काम करने वाले तीन कर्मचारियों ने दुष्कर्म की कोशिश की। युवती ने किसी तरह आरोपियों से अपनी आबरू बचाई और पास ही एक खेत में छिपकर अपनी जान बचाई। मामले में पुलिस ने तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। युवती ने गुलावठी थाने पहुंच कर बताया कि वह शादी समारोहों में फूल बरसाने का काम करती है। गत 26 फरवरी की रात को वह गुलावठी के गांव ऐंचाना में एक बैंक्वेट हॉल में लोगों के वेलकम (फूल बरसाने) के लिए आई थी। कार्य समाप्त होने के बाद बैंक्वेट हॉल से घर जाने के लिए कोई साधन न होने के कारण उसने बैंकट हॉल के मालिक से कहा कि वह यहीं आराम करना चाहती है।

# मम्मी पापा की परी जारा सिद्दीकी ने माह-ए-रमजान का रखा पहला रोजा

वेलकम इण्डिया



**सिद्धार्थनगर।** एक माह का पवित्र त्यौहार माह-ए-रमजान के पहले रोजे पर छोटे छोटे बच्चे ने भी अपने परिजनों से रोजा रखने की जिद की। वहीं मुकद्दस माह-ए-रमजान के पहले जुमे को अपने अम्मी अब्बू के साथ छह वर्षीय जारा सिद्दीकी ने रोजा रखने की जिद की। सहरी खाने के बाद उसने रोजा रख लिया। शाम को अफ्तार के समय अजान सुनने के बाद बेटी जारा ने खुशी खुशी परिजनों के साथ रोजा अफ्तार किया।

नगर पालिका सिद्धार्थनगर के आजाद नगर निवासी असदुल्लाह सिद्दीकी की छह वर्षीय बेटी जारा सिद्दीकी ने मुकद्दस माह-ए-रमजान के पहले दिन इतवार का रोजा रखने की अपने अम्मी अब्बू से जिद की। माता पिता ने बेटी को समझाया। लेकिन बेटी जारा रोजा रखने की अपनी जिद पर अड़ी रही। बेटी की जिद के आगे माता पिता ने रोजा रखने की इजाजत दे दी।उन्होंने माता पिता के साथ सेहरी कर रोजा रखा। पहला रोजा रखने से बच्ची के चेहरे पर भूख प्यास का असर साफ दिखाई दिया।

बेटी जारा ने रमजान के पहले दिन इतवार का अपना रोजा पूरी की। मां ने भी बेटी की अफ्तारी के लिए विशेष पकवान बनाए ओर सभी परिजनों ने रोजा साथ में अफ्तार किया। बच्ची के रोजा रखने से पूरे परिवार में खुशी का माहौल बना रहा और बेटी भी रोजा रखकर खुश दिखाई दी।

माह-ए-रमजान में रोजा, सिर्फ खाने पीने से रुकने का नाम नहीं है, बल्कि वह जिस्मानी, रूहानी और समाजी दुरुस्तगी और इंसानी हमदर्दी, अखलाक और मुहब्बत को बढ़ावा देता है और कुदरत के नेअमतों का अंदाजा होता है।

वहीं नन्हीं परी रोजेदार जारा सिद्दीकी को माह-ए-रमजान का पहला रोजा रखने पर माता-पिता सहित घरवालों, रिश्तेदार, गांव वालों एवं क्षेत्रवासियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# महात्मा विदुर की पावन भूमि के विकास के लिए गंगा एक्सप्रेसवे जरूरी : बिजेन्द्र सिंह



**नूरपुर।** अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लव नूरपुर के ब्लाक महासचिव बिजेन्द्र सिंह ने जनपद बिजनौर के विकास के लिए गंगा एक्सप्रेसवे को जरूरी बताया। बिजेन्द्र सिंह ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे को गंगा किनारे बसे तीर्थस्थलो से जोड़ते हुए हरिद्वार तक ले जाया जाये। इससे गंगा किनारे बसे महाभारतकालीन विदुरकुटी हस्तनापुर, तिगरी, शुक्रताल को हरिद्वार से जोड़ा जा सकेगा। यह भविष्य मे देश के सबसे बड़े पर्यटक कॉरिडोर के रूप मे विकसित हो सकेगा।

# भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने लिया गुरू से आशीर्वाद



**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम हसूपुरा में भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर गुरु से आशीर्वाद प्राप्त किया। भारतीय किसान यूनियन ( संयुक्त मोर्चा ) के नरेश चौधरी ने हसूपुरा गांव के प्रसिद्ध गुरू से आशीर्वाद प्राप्त किया। चौधरी साहब ने गुरू के निराश्रित पशु पक्षियो के प्रति प्रेम और निस्वार्थ सेवा के लिए भूरी भूरी प्रसंशा की। साथ ही गुरू के नीलकंठ रिजॅरट चैरिटेबल ट्रस्ट के साथ जुडने पर हार्दिक स्वागत किया। नीलकंठ रिजॅरट चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डा गौतम सिंह लम्बरदार ने कहा कि गुरू का जुडना हमारे ट्रस्ट के लिए बडी गौरव की बात है। इसके साथ ही गुरू ने घोषणा की है कि निराश्रित पशु पक्षियो की सेवा के लिए अलग से एक केन्द्र की स्थापना की जायेगी। इस मुहिम मे भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने अपना पूर्ण समर्थन किया। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजयवीर सिंह, राष्ट्रीय मुख्य सचिव अरूण सिदधु, युवा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, प्रदेश प्रवक्ता हरकेश राणा, प्रदेश महासचिव कलीम अजहर, मंडल अध्यक्ष मयंक धारीवाल, मंडल उपाध्यक्ष नितिन गोस्वामी, अमरोहा जिलाध्यक्ष राहुल सिदधु, पवन गोयल, अरुण चौहान, अनिल जुनेजा, काके शर्मा, कुलबीर सिंह, प्रधान शेर सिंह आदि मौजूद रहे।

## माहे रमजान शुरू

**औरंगाबाद/बुलंदशहर।** मुस्लिम भाईयों का पवित्र महीना रमजान का रविवार को आगाज हुआ। सुबह सहरी करके रोजेदारों ने रोजा रखा। मस्जिदों में नमाज अदा करके अल्लाह की इबादत करते हुए गुनाहों से तौबा की गई। रोजेदारों में महिलाओं और बच्चों ने भी बड़ी संख्या में रोजा रखा। सारे दिन रोजा रखने के उपरांत शाम छः बजकर तेईस मिनट पर रोजा इफ्तार किया गया। मस्जिदों में तराबी आदि का दौर पूरी शिद्दत से जारी है।

# बरेली का नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत चयन होने के बावजूद सड़कों पर उड़ रही धूल !

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए बरेली शहर की सड़कों पर नगर निगम मशीनों से पानी का छिड़काव करा रहा है लेकिन इसमें अनदेखी की जा रही है। छिड़काव सिर्फ सुबह के समय किया जा रहा है, जबकि दोपहर बाद शाम तक धूल उड़ती रहती है। जानकारी के अनुसार शहर में नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम पर हर साल 20 से 28 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। इस प्रोग्राम के तहत नगर निगम कुछ मार्गों पर एंटी स्मॉग डस्ट गन के जरिए पानी का छिड़काव करा रहा है। इसके अलावा मैकेनिकल स्वीपिंग से भी सड़कों की सफाई की जा रही है लेकिन छिड़काव अपनी सुविधा के अनुसार किया जा रहा है।

पीलीभीत बाईपास पर सेटेलाइट से एयरपोर्ट तक सबसे अधिक वाहनों का आवागमन होता है, पर यहां पर छिड़काव नियमित नहीं होता है। वहीं चौकी चौराहे के पास सिर्फ सुबह के समय ही छिड़काव किया जाता है, जबकि जरूरत दोपहर के समय में होती है। इसी प्रकार पटेल चौक से चौकी चौराहा, चौपुला और बरेली कालेज गेट तक छिड़काव समय से नहीं किया जाता।

वहीं जंक्शन से चौपुला पुल को जाने वाले मार्ग पर रेलवे गोदाम के पास सबसे ज्यादा धूल उड़ती है लेकिन इस पर न तो छिड़काव और न ही सफाई की जा रही है। वायु प्रदूषण के पांच साल तक लगातार बढ़ते हुए खतरनाक स्तर तक पहुंचने के बाद वर्ष 2019 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बरेली को नॉन-अटेनमेंट शहरों की श्रेणी में चिह्नित किया था। इसी के बाद आईआईटी कानपुर की टीम यहां अध्ययन करने पहुंची थी। उसके उत्सर्जन और स्रोत आधारित अध्ययन में भी कहा गया था कि सड़कों पर उड़ने वाली धूल बरेली में प्रदूषण के सबसे बड़े स्रोतों में से एक है।

कूड़ा जलाने के साथ उद्योगों और यातायात से उत्सर्जित धुआं भी प्रमुख कारण बताया गया था। आईआईटी कानपुर की रिपोर्ट के आधार पर कई और योजनाओं को लागू करने के साथ पांच साल के लिए बरेली का चयन नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत किया गया है। नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम यानी (एनकेप) के तहत आवंटित बजट से सड़कों की मैकेनिकल स्वीपिंग, एंटी स्मॉग डस्ट गन, वाटर स्प्रिंकलर, कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलेशन प्लांट लगाने, पार्क और ग्रीन बेल्ट विकसित करने और उनके रखरखाव के लिए जरूरी उपकरण और वाहन खरीदने के लिए करने के निर्देश दिए गए हैं। इस बजट का उपयोग मुख्य चौराहों पर एयर प्यूरिफायर लगाने, सड़कों को गड्ढामुक्त करने, ज्यादा धूल वाली सड़कों पर पौधरोपण करने के साथ सोल्डर निर्माण, वर्टिकल गार्डन विकसित करने और जन जागरूकता कार्यक्रमों के लिए भी किया जाता है।

# बरेली के 212 पुलिसकर्मियों को मिला 9.98 लाख रुपये का ईनाम

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** अप्रैल 2024 से 14 जनवरी 2025 तक मुठभेड़ और अन्य उत्कृष्ट कार्यों के लिए घोषित 9,97,900 रुपये की इनामी राशि आखिरकार 212 पुलिस कर्मियों को वितरित कर दी गई। आमतौर पर इनाम की घोषणा के बाद पुलिस कर्मियों को धनराशि मिलने में देरी होती है, लेकिन इस बार एसएसपी अनुराग आर्य ने खुद निगरानी कर पूरी राशि उनके खातों में ट्रांसफर करवाई है। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2024-2025 के दौरान थानों और विभिन्न इकाइयों में तैनात 212 पुलिस कर्मियों को नकद पुरस्कार दिए गए हैं। इनमें अलग-अलग पुलिस कर्मियों को विभिन्न राशियों में नकद इनाम दिया गया है, जिसकी कुल धनराशि 9,97,900 रुपये रही। इनामी धनराशि को आंकिक शाखा, बरेली के माध्यम से अलग-अलग तिथियों में पुलिस कर्मियों के खातों में जमा करवाया गया। नकद इनाम मिलने से पुलिस कर्मियों का मनोबल और भी बढ़ गया है। इनाम पाने वाले 212 पुलिस कर्मियों में 7 प्रभारी निरीक्षक, 25 उपनिरीक्षक, 60 मुख्य आरक्षी, 98 आरक्षी, 14 महिला आरक्षी, 8 कंप्यूटर ऑपरेटर, शामिल हैं, एसएसपी अनुराग आर्य ने इस अवसर पर कहा है कि आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि वे अपनी जिम्मेदारियों को और अधिक प्रभावी ढंग से निभा सकें।

# नैक मूल्यांकन में अमर सिंह महाविद्यालय लखावटी को मिला ग्रेड बी

वेलकम इंडिया

**औरंगाबाद/ बुलंदशहर** राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद नैक द्वारा अमर सिंह महाविद्यालय लखावटी को ग्रेड बी प्रत्यायन प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि कालेज के इतिहास और विकास में मील का पत्थर साबित होगी। महाविद्यालय की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से महाविद्यालय में हर्ष की लहर दौड़ गई है। कालेज परिवार में गर्व और उत्साह का माहौल बना हुआ है।

नैक मूल्यांकन पीयर टीम ने 14 फरवरी को दो दिवसीय दौरा किया था जिसमें शैक्षणिक गुणवत्ता, बुनियादी ढांचे, शोध ,छात्र सहायता, और प्रशासनिक प्रक्रियाओं का गहन मूल्यांकन किया था। टीम ने कालेज की शैक्षणिक व्यवस्था शोधकार्य छात्र कल्याण और प्रशासनिक दक्षता की सराहना करते हुए कालेज को ग्रेड बी से नवाजा। कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर राजेन्द्र कुमार ने इस विशिष्ट उपलब्धि पर कालेज परिवार को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि हमारे शिक्षकों कर्मचारियों छात्र छात्राओं और प्रबंधन समिति के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने यह भी कहा कि दौरे पर आई नैक टीम द्वारा दिए गए सुझावों को हम गंभीरता से लेते हुए उनपर अमल करेंगे और कालेज को शैक्षणिक और शोध के क्षेत्र में नयी ऊंचाईयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

प्राचार्य ने बताया कि यह प्रत्यायन कालेज की शैक्षणिक उत्कृष्टता और छात्रों के समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है इससे कालेज को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी और छात्रों को और अधिक बेहतर शैक्षणिक और शोध के अवसर प्राप्त होंगे।

कालेज प्रबंधन ने भी इस उपलब्धि के लिए सभी हितधारकों शिक्षकों कर्मचारियों छात्र छात्राओं और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया है।

# चौक क्षेत्र में महापौर ने तीन प्रमुख मंदिरों तक जाने वाली सड़कों के निर्माण का किया शिलान्यास

वेलकम इंडिया



**लखनऊ।** चौक क्षेत्र में रविवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने तीन प्रमुख मंदिरों तक जाने वाली आंतरिक सड़कों के निर्माण के लिए शिलान्यास किया। बड़ी काली जी मंदिर, लाल मंदिर, और द्वारकाधीश मंदिर इस शिलान्यास के दौरान कई गणमान्य लोग मौजूद थे, जिनमें स्थानीय पार्षद अनुराग मिश्रा और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित टंडन प्रमुख थे। इस कार्यक्रम के दौरान इन सड़कों के बनने से इलाके के लोगों को तो लाभ होगा ही, साथ ही लखनऊ के बाहर से आने वाले भक्तों को भी इन प्राचीन मंदिरों तक पहुंचने में आसानी होगी।

चौक वार्ड के पार्षद अनुराग मिश्रा ने बताया कि पहली सड़क बड़ी काली मंदिर से चौक खुनखुन इंटर कालेज के गेट तक बनाई जाएगी, जहां सीसी रोड और नाली की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। दूसरी सड़क उत्तम कपूर के घर से लाल मंदिर तक जाएगी, जहां भी सीसी रोड और नाली मरम्मत का काम होगा। तीसरी सड़क द्वारकाधीश मंदिर से अग्रवाल निवास तक बनाई जाएगी, और यहां भी सीसी रोड व नाली की मरम्मत की जा रही है। इन तीनों सड़कों के निर्माण का खर्च महापौर ने अपने कोष से उठाया है, जिससे ये परियोजना जल्द ही पूरी हो सके।

कार्यक्रम में कई सम्मानित व्यक्ति उपस्थित थे, जैसे कि उद्यमी उत्तम कपूर, डॉ. उमंग खन्ना, सुबोध टंडन, और अग्रवाल समाज के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल इसके अलावा बड़ी कालिजी मंदिर के महंत के सी मल्होत्रा, ज्ञान रस्तोगी, और क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए। नगर निगम से जोन छह के जोनल अधिकारी मनोज यादव, एएठ झिल्लू राम, अए आलोक श्रीवास्तव और खए अभिषेक गुप्ता भी इस अवसर पर मौजूद थे।

सड़कों के बन जाने से न केवल आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों को सुविधा होगी, बल्कि इन प्रसिद्ध मंदिरों में दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को भी काफी राहत मिलेगी। इससे न सिर्फ श्रद्धालुओं को मंदिरों तक पहुंचने में आसानी होगी, बल्कि स्थानीय व्यापार और यातायात की स्थिति भी बेहतर होगी।

रविवार को महापौर ने इस्माइलगंज वार्ड में आस्था नगर मुरली मंदिर पर व हरिहर नगर में ज्ञान विहार में सड़क व नाली के निर्माण के कार्य का शिलान्यास फोन के माध्यम से किया। उन्होंने लोगों से फोन माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि किसी जरूरी कार्य से उन्हें शहर से बाहर जाना पड़ा है। मगर वो सड़क निर्माण पूरी हो जाने पर वार्ड में उसका उद्घाटन करने जरूरी आएंगी। इस कार्यक्रम में इस्माइलगंज प्रथम वार्ड पूर्व भाजपा प्रत्याशी कृष्ण वीर सिंह(बंटू), हरिहर नगर जन कल्याण विकास समिति के अध्यक्ष मुकेश धर दुबे, चंद्रभान सिंह, आशुतोष मिश्रा, उत्तम सिंह यादव एवं संरक्षक एडवोकेट योगेंद्र मिश्रा, संतोष सिंह मनीष पांडे, डॉक्टर मन्नू चौहान उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 412 हिन्दु जोड़े व 06 मुस्लिम जोडो को डीएम, सीडीओ ने दिया आशीर्वाद

वेलकम इन्डिया

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत एटीएल ग्राउण्ड में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत 418 जोड़ों का विवाह पूरे विधि विधान के साथ भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में 412 हिन्दू जोड़े एवं 06 मुस्लिम जोड़े विवाह के बंधन में बंधे। सभी शादियां अपने रीति रिवाज के अनुसार हुई हिंदू धर्म की शादी वेद मंत्रों के उच्चारण के माध्यम से व मुस्लिम शादियां निकाह के माध्यम से संपन्न की गई। इस दौरान प्रत्येक जोड़ों को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का प्रमाण पत्र व एक-एक फलदार वृक्ष भी दिया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य, सांसद के प्रतिनिधि बी एल पटेल, राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि राय साहब, समाजसेवी रोशन लाल ऊमरवैश्य, पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रान्तिकारी सहित अन्य अतिथियों ने सम्मिलित होकर नव दांपत्य जोड़ों को आशीर्वाद दिया।



इस अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में हर वर्ग के जोड़े सम्मिलित है, विभिन्न धर्मो को मानने वाले लोग भी इस आयोजन का लाभ उठा रहे है। माननीय मुख्यमंत्री बिना किसी भेदभाव के सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास के साथ कार्य कर रहे है। उन्होने सभी जोड़ो को बधाई देते हुये समाज कल्याण विभाग द्वारा किये गये भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम की प्रशंसा की और कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गरीब परिवार की बेटियों को परिणय सूत्र में बांधने का कार्य कर रही है। यह योजना गरीब, असहाय एवं निर्धन व्यक्तियों के पुत्रियों के जीवन में खुशहाली लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री की सोच है कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और मुख्यमंत्री उनकी सोच का आगे बढ़ाते हुये मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के माध्यम से गरीब बेटियों को एक परिणय सूत्र में बांधने का कार्य किया जा रहा है। हमारे देश में पत्नियों को धर्मपत्नी कहा जाता है, पति और पत्नी ये दुनिया का बहुत ही बेहतरीन रिश्ता होता है और एक दूसरे के लिये महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत सभी जोड़ो को विवाह पूरे विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी नव दांपत्य जोड़े एक नये चरण में प्रवेश कर रहे है, सभी जोड़े खुशहाली के साथ रहे। उन्होने सभी नव दांपत्य जोड़ो को बधाई एवं शुभकामनायें दी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने आये हुये अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत एक जोड़े पर सरकार द्वारा 51000 रुपए की धनराशि खर्च की जाती है जिसमें 35 हजार रुपए लड़की के खाते में, 10 हजार रुपए की उपहार सामग्री व 6 हजार रुपए की धनराशि से विवाह कार्यक्रम के आयोजन पर व्यय किए जाते हैं।

एटीएल ग्राउण्ड में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विकास खण्ड सदर के 15, सण्ड़वा चन्द्रिका के 21, मानधाता के 33, लक्ष्मणपुर के 43, लालगंज के 18, रामपुर संग्रामगढ़ के 26, सांगीपुर के 27, गौरा के 09, शिवगढ़ के 13, बाबा बेलखरनाथधाम के 20, पट्टी के 22, मंगरौरा के 41, आसपुर देवसरा के 15, कुण्डा के 20, बिहार के 26, बाबागंज के 17, कालाकांकर के 37 जोड़ों व समस्त नगर पंचायत के 15 जोड़ों का विवाह पूरे विधि विधान के साथ शादी सम्पन्न करायी गयी।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम के उपरान्त सभी जोड़ो व उनके परिवार लोगों ने भोजन ग्रहण किया और अपने-अपने घरों से लिये प्रस्थान किये। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे, डीसी मनरेगा अश्वनी सोनकर, ईओ नगर पालिका परिषद बेल्हा राकेश कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण सम्मिलित हुये। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर मोहम्मद अनीस द्वारा किया गया।

# ईख के खेत में मिला शव, हत्या कर शव फेंकें जाने की आशंका

## पुलिस ने शव कब्जे में लकर मोर्चरी के लिए भिजवाया और टीमों का गठन कर खुलासा करने में जुटी



वेलकम इण्डिया

**कांधला।** थाना क्षेत्र के मखमूलपुर-डागरोल मार्ग पर स्थित ग्राम भभीसा के मजरा शाहपुर के जंगल में एक चालीस वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का फांसी लगा शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। सूचना पर एएसपी संतोष कुमार सिंह और सीओ कैराना ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से जानकारी ली। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर मोर्चरी के लिए भेज दिया है। हत्या कर शव फेंकें जाने की आशंका जताई जा रही है।

थाना क्षेत्र के मखमलपुर-डांगरोल मार्ग पर स्थित ग्राम भभीसा के मजरा शाहपुर के जंगल में शाहपुर निवासी किसान राम मेहर पुत्र कलीराम के खेत स्थित है। रविवार को किसान अपने खेत पर कार्य कर रहा था। इसी बीच किसान ने देखा कि किसान के खेत में एक चालीस वर्षीय व्यक्ति का फांसी लगा हुआ शव पड़ा हुआ है। किसान ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मृतक के शव की पहचान कराने का प्रयास किया। सूचना पर फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए मौके से सैंपल उठाएं। सूचना पर एएसपी संतोष कुमार सिंह और सीओ कैराना श्याम सिंह भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से घटना के बारे में जानकारी ली। पुलिस के द्वारा मृतक के शव की पहचान कराने का प्रयास किया गया, लेकिन मृतक के शव की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर मोर्चरी के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि मृतक केशव की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### बेरहमी से की गई हत्या

कांधला। ग्राम भभीसा के मजरा शाहपुर के जंगल में मिले अज्ञात व्यक्ति का फांसी लगा शव अपने आप में कई कहानी बयां कर रहा है। हत्यारों के द्वारा मृतक की बेरहमी के साथ हत्या की गई थी। हत्यारों के द्वारा मृतक के दोनों हाथ पीछे किसी कपड़े से बंद रखे थे और उसके बाद गले में चादर से फंदा डालकर हत्या की गई है। फिलहाल पुलिस खुलासा करने का प्रयास कर रही है।

### खुलासा करने के लिए तीन टीमों का हुआ गठन

**कांधला।** ग्राम भभीसा के मजरा शाहपुर के जंगल में मिले मृतक व्यक्ति के शव की सूचना मिलने पर आस पास के सैकड़ो ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। पुलिस के द्वारा घटना का खुलासा करने के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। जिसमें सर्विलांस, एसओजी और स्थानीय पुलिस की टीमें बनाई गई है। सीओ कैराना श्याम सिंह का कहना है कि घटना के खुलासे के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। शीघ्र ही घटना का खुलासा कर मृतक के शव की पहचान करा ली जाएगी।

# एसडीएम ने संयुक्त जांच टीम के साथ अस्पतालों पर की छापेमारी

वेलकम इण्डिया



**इटवा/सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर के इटवा में अवैध रूप से चल रहे अस्पतालों पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। डीएम के निर्देशन पर एसडीएम कुणाल के नेतृत्व में एक संयुक्त जांच टीम ने छापेमारी की। टीम में नोडल अधिकारी डॉ0 संजय गुप्ता और सीएचसी अधीक्षक डॉ0 संदीप द्विवेदी शामिल थे। टीम ने एक पैथोलॉजी लैब और तीन अस्पतालों की जांच की।

जांच में चारों में गम्भीर कमियां पायीं गयीं। जांच के दौरान सिटी क्लिनिक में न तो रजिस्ट्रेशन मिला और न ही कोई चिकित्सक मौजूद था। यहां फिजियोथेरेपिस्ट ही सारा काम देख रहे थे। इंडियन पैथोलॉजी बन्द मिली और उसका भी कोई रजिस्ट्रेशन नहीं था।

मैक्स हॉस्पिटल में भी रजिस्ट्रेशन नहीं मिला। यहां एक मामला सामने आया, जहां एक मृत बच्चे की मां को 20 दिनों से रोका गया था। नोबेल अस्पताल में रजिस्ट्रेशन तो मिला, लेकिन पंजीकृत डॉक्टर मौजूद नहीं थे।

प्रशासन ने सभी संस्थानों को तीन दिन का नोटिस जारी किया है। इस दौरान उन्हें जिला प्रशासन के समक्ष अपना स्पष्टीकरण देना होगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इटवा के एमओआईसी ने कहा कि निर्धारित समय के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

जांच अभियान के दौरान क्षेत्र के अधिकांश अस्पताल और पैथोलॉजी लैब बन्द हो गयें।

# होली के लिए रेल यात्रियों को मिली राहत रविवार से चलेंगी दो दर्जन स्पेशल ट्रेनें

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** नियमित ट्रेनों में जगह नहीं होने की वजह से रेलवे ने होली पर यात्रियों की सुविधा के लिए 12 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। ये ट्रेनें 2 फरवरी से 31 मार्च तक अलग-अलग तिथियों में चलेगी। सभी ट्रेनों में सामान्य, स्लीपर और एसी कोच लगाए जाएंगे, सिर्फ वैष्णो देवी कटरा-वाराणसी स्पेशल ट्रेन में सभी कोच एसी के होंगे। मुरादाबाद मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि सभी ट्रेनों का ठहराव बरेली जंक्शन पर होगा। उन्होंने बताया कि 04604 वैष्णोदेवी कटरा से 9 और 16 मार्च को, 04603 वाराणसी से 11 और 18 मार्च को चलेगी। इसके अलावा 04207 लखनऊ से 3, 10, 17 मार्च को, 04208 नई दिल्ली से 3, 10 और 17 मार्च को, 04203 वाराणसी से 8 और 15 मार्च को, 04204 वैष्णोदेवी कटरा से 9 और 12 मार्च को चलेगी। इसके अलावा 04022 नई दिल्ली से 7 14, 21 मार्च को, 04021 गोरखपुर से 8, 15, 22 मार्च को, 04504 चंडीगढ़ से 6, 13, 20 मार्च को और 04503 गोरखपुर से 7, 14, 21 को चलेगी। वहीं 04012 दिल्ली से 4, 7, 11, 14, 18 मार्च को, 04011 दरभंगा से 5, 8, 12, 15, 19 मार्च को, 04026 दिल्ली से 6, 13, 20 मार्च को, 04025 रक्सौल से 7, 14, 21 मार्च को, 04020 आनंद विहार टर्मिनल से 2, 9, 16 मार्च को, 04021 बरौनी से 3, 10, 17 मार्च को, 05005 गोरखपुर से 5 से 26 मार्च हर बुधवार को, 05006 अमृतसर से 6 से 27 मार्च हर गुरुवार को चलेगी। इसके अलावा 05113 छपरा से 5 से 26 मार्च तक हर बुधवार को, 05023 गोरखपुर से 2 से 30 मार्च तक हर रविवार को, 05024 खातीपुरा से 3 से 31 मार्च तक हर सोमवार को, 05301 मऊ से 6 से 27 मार्च तक हर गुरुवार को और 05302 अंबाला से 7 से 28 मार्च तक हर शुक्रवार को चलेगी।

# बुगरासी चौकी परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

वेलकम इण्डिया



**बुगरासी।** शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें शांति से त्यौहार बनाने की अपील की ।सीओ स्याना दिलीप सिंह ने अपने सम्बोधन में उपस्थित जनों को बताया कि होली वाले दिन जुम्मा भी है ।इसलिए नमाज भी होगी ।सभी भाईचारे की मिसाल पेश कर शांति से त्यौहार मनाए। एसडीएम स्याना गजेन्द्र सिंह ने बताया कि त्यौहार वाले दिन कस्बे में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जायेगा ।विघुतापूर्ती भी निर्बाध दी जायेगी ।अगर शरारती तत्व गड़बड़ करने की कोशिश करते हैं तो पुलिस को फोन कीजिए 10 मिनट में पुलिस मौके पर पहुंचेगी। लाउडस्पीकर की आवाज कम रखें ताकि पड़ोसी को कोई परेशानी ना हो ।इस अवसर पर ताहिर खां अहमद अली खां वाई के त्यागी किशन तायल सैयद जमरूद स्लाम बिलाल जफर उबैस खां रफीक खान सुभाष सिंह उदयवीर सिंह हरीश शर्मा गिरधारी सिंह देवेंद्र सिंह कुंवरपाल सिंह सहित कई दर्जन क्षेत्र वासी उपस्थित रहे।

### प्रेम उमंग और आपसी सौहार्द से मनाये होली का त्यौहार

**जहाँगीराबाद।** कस्बा चौकी में रविवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में बुलाई गई बैठक में आगामी होली व ईद के त्यौहार को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। कोतवाली प्रभारी महेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि सभी लोग शांति व आपसी सौहार्द से होली व ईद का त्यौहार मनाएं। होली पर शराब पीकर हुड़दंग करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने बाजार में सुबह 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक बड़े वाहनों की एंट्री बंद रहने के निर्देश दिए। बैठक में व्यापारियों को भी दुकान के बाहर सड़क पर सामान न रखने के निर्देश दिए गये। नियमों का उलंघ्घन करने पर कार्यवाही की चेतावनी भी कोतवाली प्रभारी ने दी है। पालिकाध्यक्ष किशनपाल सिंह लोधी ने भी सफाई व पेयजल व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया है।

# तेज रफ्तार कार ने छात्रा को मारी टक्कर

वेलकम इण्डिया



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** जिले के थाना क्षेत्र शोहरतगढ़.अन्तर्गत शनिवार को जुगडिहवा मोड़ पर तेज गति से आ रही कार ने छात्रा

को टक्कर मार दी, कार की टक्कर से छात्रा गम्भीर रूप से घायल हो गयीं। आपको बता दें कि पीड़ित धर्मेन्द्र जायसवाल ने थाना प्रभारी शोहरतगढ़.को लिखित सूचना देकर दुर्घटना चालक पर कानूनी कार्यवाही करने की मांग किया है।

वहीं ग्राम पंचायत झरुआ पोस्ट धनौरा मुस्तकहम थाना शोहरतगढ़ पीड़ित धर्मेन्द्र जायसवाल पुत्र रामसरन जायलवाल ने बताया कि शनिवार 01-मार्च-25 को हमारी साली तानवी जायसवाल सुबह लगभग 08 बजे से 09 बजे को विद्यालय सीताराम खेतान इण्टर कालेज पढ़ने जा रही थी कि जुगडिहवा मोड़ पर तेज गति से आ रही कार हमारी साली तानवी को टक्कर मार दिया। पीड़ित ने दुर्घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों के द्वारा गाड़ी का पीछा किया और गाड़ी का घेराव कर के स्थानीय थाना शोहरतगढ़ की सूचित किया। मौके पर पहुंचकर पुलिस बल ने चालक सहित गाड़ी को कब्जे में ले लिया।

वहीं पीड़ित ने अपने साली को उपचार के लिए बीपीएल हास्पिटल जनपद सिद्धार्थनगर में आईसीयू में एडमिट कराया, जिसकी हालत काफी गम्भीर है।

# निकहत और सचिन ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में हासिल की कामयाबी

वेलकम इण्डिया



**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर मुख्यालय स्थित श्री सिंहेश्वरी इण्टर कालेज तेतरी बाजार की एक छात्रा निकहत परवीन पुत्री अब्दुल मुबीन मन्सूरी और सचिन यादव पुत्र राम रक्षा यादव ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में कामयाबी हासिल किया है। श्री सिंहेश्वरी इण्टर कालेज तेतरी बाजार के दोनों विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में कामयाबी हासिल कर अपना एवं अपने विद्यालय तथा अपने माता-पिता का नाम रौशन किया है। दोनों विद्यार्थियों निकहत परवीन पुत्री अब्दुल मुबीन मन्सूरी और सचिन यादव पुत्र राम रक्षा यादव को राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति (ठटटर) परीक्षा में कामयाबी के बाद एक हजार रूपया प्रतिमाह की दर से 04 वर्षों तक कुल 48000/- रूपया की छात्रवृत्ति प्राप्त होगी।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनय अनमोल एवं कक्षाध्यापक अंकित यादव ने दोनों विद्यार्थियों की सफलता पर शुभकामनायें और बधाई दिया है और आगे भी और बेहतर तरीके.से पढ़ाई करने के लिए कठिन परिश्रम और मेहनत करने की प्रेरणा देते हुए अपना आशीर्वाद और उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें भी दिया है। निकहत परवीन के पिता अब्दुल मुबीन मन्सूरी एवं सचिन यादव के पिता रामरक्षा यादव ने संयुक्त रूप से छात्रों की सफलता का श्रेय श्री सिंहेश्वरी इण्टर कालेज तेतरी बाजार के प्रधानाध्यापक विनय अनमोल एवं विशेष रूप से कक्षाध्यापक अंकित यादव, विनय, मधुरेन्द्र इत्यादि समस्त गुरूजनों का आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि विद्यालय के समस्त गुरूजनों विशेषकर कक्षाध्यापक अंकित यादव इत्यादि के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन के पश्चात ही विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है और भविष्य में भी सभी गुरूजनों से विद्यालय के समस्त विद्याथियों के प्रति एक समान इसी प्रकार का अपना आशीर्वाद बनाये रखने की आशा और उम्मीद भी जाहिर किया है।

# शिकारपुर-खुर्जा मार्ग 22.11 करोड़ से होगा निर्मित

वेलकम इण्डिया

**शिकारपुर।** बुलन्दशहर सांसद डॉ भोला सिंह ने कहा की भाजपा की डबल इंजन की सरकार में विकास कार्यों का सिलसिला यूँही अनावरत जारी रहेगा और ऐसे ही हम लोगों के विकास को प्राथमिकता पर लेकर कार्य करते रहेंगे। भाजपा नेता कुश शर्मा ने कहा की यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से और प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा विधायक शिकारपुर अनिल शर्मा के प्रस्ताव पर 22.11 करोड़ की लागत से खुर्जा - शिकारपुर मार्ग का कार्य पूरा करेगी। शिकारपुर के सम्मानित लोगों को सुगमता प्रदान करेगा और सजायेंगे शिकारपुर के संकल्प को साकार करेगा।

इस अवसर पर मुनेश प्रमुख, चौधरी जबर सिंह , अनिल चौधरी, रवि प्रधान, शैलेन्द्र तोमर, रामोतार शर्मा, रतेंद्र चौधरी, सुषमा देवी, वीरपाल सिंह, हरेंद्र चौधरी, सुभाष प्रधान, राजन, रघुनाथ , विक्रांत लौर, नकुल चौधरी, मनोज शर्मा, अजय शर्मा, जॉनी प्रधान, सुन्दर बघेल आमोद मीणा, कपिल शर्मा, धीरपाल , शिवकुमार , संजीव यादव, गौरव,प्रताप, सत्यप्रकाश राजोरा, अमोलक मीणा, योगेंद्र शर्मा, सुशील शर्मा, मुकेश शर्मा, रवि शर्मा, पुष्पा देवी, मुकेश शर्मा, राहुल चौधरी, रिंकू शर्मा, आकाश गर्ग, जगवीर शर्मा, संजीव चौधरी, कुलदीप ठाकुर, विकास गर्ग, रवेन्द्र मीणा, मुकेश वाल्मीकि, परवेन्द्र देशवाल, रामकिशन लोधी, प्रभात शर्मा, मनोज शर्मा, विनोद चौधरी, दिनेश चौधरी, दलवीर सिंह, डीके शर्मा, मनवीर प्रधान, मनोज चौधरी, सरताज मनोज चौधरी हजरतपुर,सुखवीर शर्मा, रामपाल सिंह, डॉ हरिओम, केके शर्मा, श्रीकिशन सिंघल, नीरज शर्मा, मंगल , दिवाकर त्यागी , सचिन चौधरी, अजीत चौधरी समेत सम्मानित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### वेलकम गर्ल से रेप की कोशिश का प्रायस

**बुलंदशहर।** थाना गुलावठी कोतवाली क्षेत्र के ऐंचाना स्थित मैरिज होम में वेलकम गर्ल से रेप की कोशिश का मामला सामने आया है, बताया जा रहा है कि देर रात को कार्यक्रम खत्म होने की वजह से वाहन न मिलने के कारण वेलकम गर्ल मैरिज होम के कमरे में सोने के लिए चली गई। इस दौरान तीन युवक जबरन कमरे में घुस आए और फिर वेलकम गर्ल को छेड़छाड़ करते हुए रेप का प्रयास करने लगे, इस दौरान युवती मैरिज होम से बाहर भागने लगी और झाड़ियों में छप गई वमुश्किल युवती ने भाग कर अपनी जान बचाई है। जबकि युवती ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने वेलकम गर्ल की शिकायत पर तीन युवकों के खिलाफ फिर दर्ज कर ली है, तो वहीं मैरिज होम में लगे सीसीटीवी के आधार पर तीनों आरोपियों को चिन्हित कर पुलिस जांच में जुटी है जबकि एक आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

# थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया

वेलकम इण्डिया



**रामघाट/बुलंदशहर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के निदेशांनुसार रामघाट थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने थाना प्रांगण में आगामी त्यौहार होली रमजान ईद नवरात्रि को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई।

थाना प्रभारी ने ग्राम प्रधान समाज सेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि होली रमजान ईद नवरात्रि,त्योहारों को आपसी भाईचारा सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। सोशल मीडिया के दुरुपयोग एवं अफवाहों के संबंध में भी लोगों को सचेत जागरूक किया गया। सोशल मीडिया की खबरों पर अफवाह ना फैलाएं और भाई चारे के साथ सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण मनाएं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर डीजे संचालकों की बैठक कर बताया गया है कि कोई भी डीजे संचालक रात्रि में 10 बजे से सुबह 6 बजे तक कोई डीजे नहीं बजाएं अगर डीजे बजाते पाए जाने पर डीजे संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ।होली के त्योहार पर विद्युत लाइन के नीचे कोई होली नहीं जलाई जाएगी उन्होंने कहा होली के पर्व के अवसर पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों की सख्त कार्रवाई की जाएगी इस त्यौहार पर अनावश्यक रूप से कोई भी व्यक्ति लड़कियों या महिलाओं के ऊपर जबरदस्ती रंग लगाते हैं और उसकी शिकायत मिलने पर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाएगा जुम्मे की नमाज के समय होली पर्व पर किसी भी प्रकार से किसी भी व्यक्ति के ऊपर रंग नहीं डाला जाएगा तथा जबरदस्ती रंग लगाने वाले लोगों पर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा होली पर किसी भी प्रकार से कोई अश्लील सांप्रदायिक गाना नहीं बजाया जाएगा डीजे संचालक मानक के अनुसार डीजे बजाएं अत्यधिक तेज आवाज में डीजे बजाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी होली पर युवा पीढ़ी को समझाया गया है कि शराब पीकर उत्पात न मचाएं यदि शराबियों द्वारा शराब पीकर उत्पात मचाते हुए पकड़े जाते हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक खबरों पर ध्यान न देकर सभी लोग अपने-अपने त्योहारों को भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण ढंग संपन्न करने की क्षेत्र की जनता ग्राम प्रधान समाजसेवियों से अपील की है। बैठक में एस आई महाराज सिंह संजय सिंह संजेश यादव ओमवीरसिंह मनोज कुमार सुनील कुमार मुंशी श्यामवीरसिंह पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यवीरसिंह यादव प्रधान पति लक्ष्मन शर्मा रविंद्र कुमार यादव प्रधान जेपी गौतम पत्रकार श्याम सुंदर शर्मा गुड्डू खान योगेश भारद्वाज पत्रकार असलम खान छोटे खान महेश पाठक उदित उदित गौड़ चरणसिंह यादव महेंद्र सिंह प्रधान लोकेश केवट तन सिंह प्रधान समाजसेवी उपस्थित रहे।

### एसएसपी ने दलित की घुड़चढ़ी रोकने व बारात के साथ मारपीट के मामले में की कार्रवाई

**बुलंदशहर।** कोतवाली देहात पर नियुक्त उप निरीक्षक राजेश यादव को एसएसपी ने किया तत्काल प्रभाव से निलंबित। कार्य में लापरवाही बरतने पर की एसएसपी श्लोक कुमार ने उप निरीक्षक पर की करवाई। उपनिरीक्षक राजेश यादव ने मामले की जानकारी के उपरान्त भी ना तो ग्राम धमरावली जाना और ना ही गाँव ही वस्तुस्थिति से उच्चाधिकारीगण को नही कराया था अवगत। बारात चढत के दौरान दबंग ठाकुरो ने दलित के बेटे की रोकी थी घुड़चढी। ठाकुरो ने लाठी डंडो से बारात पर किया किया था हमला, महिलाओ सहित पुरूष भी हुए थे घायल। लड़ाई की आशंका को लेकर पीड़ित दलित ने सुबह ही कोतवाली देहात पर दिया था प्रार्थना पत्र।

# एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन द्वारा लोक भारती सदस्यों की अयोध्या यात्रा का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**लखनऊ।** एसआर ग्रुप बक्शी का तालाब, लखनऊ से अध्यक्ष लोक भारती अवध प्रान्त पवन सिंह चौहान सदस्यविधान परिषद के सौजन्य से 250 लोकभारती सदस्यों को अयोध्या दर्शन हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर लोकभारती के संगठन मंत्री बृजेंद्र पाल सिंह सह संगठन मंत्री गोपाल उपाध्याय संपर्क प्रमुख कृष्णा चौधरी की उपस्थिति रहे। यह शुभ कार्य अध्यक्ष लोक भारती अवध प्रान्त पवन सिंह चौहान सदस्यविधान परिषद द्वारा उनके लोक भारती कार्यालय से परिसर से संपन्न हुआ। इस मंगलकारी यात्रा में एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स की 11 बसें लोकभारती के सदस्यों के लिए उपलब्ध रहीं। यात्रा के दौरान यात्रियों की सुख-सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया तथा सभी आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था पहले से ही अध्यक्ष लोक भारती अवध प्रान्त पवन सिंह चौहान सदस्यविधान परिषद द्वारा सुनिश्चित कर दी गई थी। इस अवसर के उपरांत एमएलसी पवन सिंह चौहान ने सभी से मुलाकात में विभिन्न सामाजिक व प्रशासनिक विषयों पर चर्चा हुई तथा लोकहित में किए जा रहे कार्यों की लोक भारती द्वारा सराहना की गई। यह यात्रा श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक और सांस्कृतिक अनुभव से परिपूर्ण रही और एमएलसी पवन सिंह चौहान के प्रयासों से सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

# 15 जोड़ों का सर्वजातीय सामूहिक विवाह हुआ



**वेलकम इंडिया**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में ठाकुर दिन हाता बहादुरगंज में 15 जोड़ों का सर्वजातीय सामूहिक विवाह अध्यक्ष रूपाली अवस्थी एवं कोषाध्यक्ष सचिन निषाद जी द्वारा सम्पन्न प्रयागराज मे कल्याणी लोक सेवा समिति उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री ठाकुर केशरवानी बालिका जूनियर हाई स्कूल बहादुरगंज में संस्था द्वारा 15 जोड़ों का सामूहिक विवाह हर जाति का समीकरण बनते हुए बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ, संस्था की संस्थापिका रूपाली अवस्थी एवं संस्था के कोषाध्यक्ष और मशहूर डांस कोरियोग्राफर सचिन निषाद कानपुर अध्यक्ष मनीशा त्रिपाठी ने बताया कि संस्था द्वारा 15 निर्धन गरीब परिवार की बेटियों का हर जाति का समीकरण बनते हुए सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया, जिसमें संस्था द्वारा बेड श्रृंगारदान, सभी लड़की के लिए नया लहंगा रजाई गद्दा तकिया चादर पायल बिछिया साड़ी पैंट शर्ट मेकअप का सामान मेकअप बॉक्स बेडशीट चादर बक्सा कुकर प्रेस बर्तन का सेट दीवार घड़ी हाथ घड़ी छोटा ड्रम बड़ा गमछा आदि सामान संस्था द्वारा सभी जोड़ों को दिया गया,

इसके अलावा संस्था द्वारा लगभग 1200से 1500 आदमी का खाना पीना की व्यवस्था की गई, संस्थापिका रूपाली रूपाली अवस्थी एवं कोषाध्यक्ष सचिन निषाद ने आगे बताया कि ऐसा प्रयास समाज के लिए ऐसा सामाजिक काम संस्था हमेशा करती रहेगी, कार्यक्रम का संचालन इन्होंने किया, और संस्था के सभी पदाधिकारी ने सभी 15 जोड़ों को आशीर्वाद दिया, संस्था को भी ऐसे अच्छे कार्य को करने के लिए बधाई दिया, कार्यक्रम में जो जो मौजूद है उनका नाम सभी पदाधिकारी का नाम आदि लोग मौजूद रहे.........सामूहिक विवाह सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सभी जातियों और धर्मों के बीच भेदभाव को समाप्त करना और समाज में समानता, प्रेम और सम्मान का वातावरण बनाना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से कल्याणी लोक सेवा समिति ने यह संदेश दिया है कि विवाह दो व्यक्तियों का मिलन है, न कि उनके जाति या धर्म का। इस पहल से समाज में एकता, सामूहिकता और प्रगति को बढ़ावा मिलता है।

# बदला कंपनी का मालिक, श्रमिकों ने सत्याग्रह कर उठाई कार्य बहाली की मांग

**वेलकम इंडिया**



**रुद्रपुर।** सिडकुल स्थित बिल्डसिस कंपनी की नीलामी की खबर मिलते ही पूर्व श्रमिकों में रोष फैल गया। कंपनी से निकाले गए श्रमिकों ने गांधी पार्क में सत्याग्रह आंदोलन छेड़ दिया और नए मालिक से अपनी पुनर्बहाली की मांग उठाई। श्रमिकों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द उन्हें काम पर नहीं रखा गया, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

रविवार को गांधी पार्क में आयोजित धरने में श्रमिक नेताओं ने बताया कि सिडकुल सेक्टर-9 स्थित अपेक्स बिल्डसिस कंपनी को 2017 में बंद कर दिया गया था। इस दौरान कंपनी में कार्यरत 102 स्थायी श्रमिकों को नौकरी से निकाल दिया गया था। इसके बाद श्रमिक यूनियनों ने कानूनी लड़ाई लड़ी और एनसीएलटी अदालत में मामला पहुंचा। कई वर्षों की कानूनी लड़ाई के बाद अदालत के आदेश पर कंपनी की नीलामी प्रक्रिया शुरू हुई, जिसके तहत क्रेता कंपनी ने श्रमिकों सहित पूरी यूनिट को खरीदा है। अब जब कंपनी में दोबारा निर्माण कार्य शुरू हो चुका है, तो श्रमिक चाहते हैं कि उन्हें भी शतार्नुसार वापस काम पर रखा जाए ताकि वे अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकें। श्रमिक नेताओं ने कहा कि मार्च 2025 में कंपनी का कामकाज शुरू होने वाला है, ऐसे में उनकी बहाली अनिवार्य है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर प्रबंधन ने उनकी मांगों को अनदेखा किया तो वे आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे। इस मौके पर श्रमिक नेता दिनेश कुमार, सौरभ कुमार, मुकुल, दिनेश चंद्र, चंद्र मोहन लखेड़ा, हरेंद्र सिंह, राजदीप बाठला, राजेश तिवारी और सुरेंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पार्ट टाइम जॉब के नाम पर युवक से 2.10 लाख की ठगी

**गाजियाबाद।** साइबर अपराधियों ने पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर आंबेडकर रोड स्थित सेंट्रल मार्केट में रहने वाले युवक से सवा दो लाख रुपये ठग लिए। जालसाजों ने शुरूआत में ऑनलाइन कार्य कराकर पीड़ित को पैसे दिए और फिर प्रीपेड टास्क के नाम पर रकम ट्रांसफर करा ली। ठगी का पता लगने पर पीड़ित ने नगर कोतवाली में शिकायत दी। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर लिया गया है। खाते और मोबाइल नंबरों की मदद से ठों को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। आंबेडकर रोड पर पुरानी सब्जी मंडी के पास सेंट्रल मार्केट में रहने वाले सुनील का कहना है कि 28 जनवरी को अनजान नंबर से उनके व्हॉट्सऐप पर मैसेज आया। मैसेज भेजने वाले ने खुद को एक कंपनी का रूक्रूटर बताया और उन्हें पार्ट टाइम जॉब का ऑफर दिया। उनके द्वारा सहमति जताने पर आरोपी ने उन्हें ऑनलाइन कार्य दिए। इसके बदले में रकम देने के लिए आरोपी ने उनसे खाता नंबर मांगा।

# तथास्तु सेवा समिति ने किया स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ

**वेलकम इंडिया**



**मेरठ।** तथास्तु सेवा समिति के द्वारा रविवार को स्वैछिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। तथास्तु सेवा समिति के अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि तथास्तु सेवा समिति के 50 सदस्यों ने जसवंत राय ब्लड सेंटर मेरठ में स्वैच्छिक रक्तदान किया। तथास्तु सेवा समिति के द्वारा प्रत्येक वर्ष स्वैछिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है जिसका उद्देश्य रक्त के अभाव से किसी व्यक्ति की मृत्यु न हो। तथास्तु सेवा समिति के सदस्य समाज को रक्तदान करने के लिए जागरूक भी करते है तथा कुछ लोगो के मन मे जो रक्तदान न करने की भ्रांति बनी हुई है ऐसे लोगो को रक्तदान करने से व्यक्ति को स्वयं क्या क्या स्वास्थ्य लाभ होते है ये भी बताते है। गोपाल शर्मा ने बताया कि जो व्यक्ति नियमित रूप से रक्तदान करता है उसे हार्ट अटैक की संभावनाएं कम हो जाती है, रक्तचाप की समस्या कम होती है, ब्लड शुगर की समस्या कम करने में मदद मिलती है, त्वचा की समस्याओं में लाभ मिलता है, बालो की समस्याओं में लाभ होता है, कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित करने में लाभ होता है तथा इनके अतिरिक्त अन्य स्वास्थ्य लाभ भी होते है। गोपाल शर्मा ने कहा सबसे बड़ा लाभ यह है कि हमारे द्वारा किया गया 1 यूनिट रक्तदान तीन लोगों की जान बचाने के काम आ सकता है। तथास्तु सेवा समिति के सदस्यों को रक्तदान के उपरांत मोमेंटो व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्वैछिक रक्तदान कार्यक्रम में जसवंत राय ब्लड सेंटर के प्रभारी अनुज गौड़ व ब्लड सेंटर की पूरी टीम का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। स्वैछिक रक्तदान कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रताप विराज मिश्रा (सचिव तथास्तु सेवा समिति), गुलाब सिंह (उप सचिव तथास्तु सेवा समिति), प्रज्ञा शर्मा (उपाध्यक्ष तथास्तु सेवा समिति), इंदु रानी (कोषाध्यक्ष तथास्तु सेवा समिति), बॉबी राजपूत, यश गोस्वामी, अमित भारद्वाज, अंकित शर्मा, शोभित तोमर, अन्नत खेप्पड़, रजनी वर्मा, निहारिका गोयल, शैली राजपूत, शीतल व अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

# विजय नगर में कपड़े के गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

**गाजियाबाद।** विजय नगर थाना क्षेत्र के एल ब्लॉक, सेक्टर-12, प्रताप विहार में स्थित कपड़े और कूलिंग मशीन के गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि आसपास के घरों तक फैलने की आशंका बन गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन वह सफल नहीं हो सके। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। यह घटना जीवन अस्पताल के पास स्थित एक घर के बेसमेंट में बने गोदाम में घटी, जहां कपड़े और कूलिंग मशीनें रखी थीं। अचानक लगी आग ने देखते ही देखते पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया और लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

# प्रीत विहार में गला रेतकर की गई युवक की हत्या से मचा हड़कंप

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़ /** जनपद में हत्या कर शवों के फेंकने का सिलसिला जारी है। फिर मिला युवक की गला रेतकर निर्मम हत्या कर फेंका गया शव मिलने से क्षेत्र में मचा हड़कंप।

आपको बता दें कि हापुड़ नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एचपीडीए प्रीत विहार में आरोग्य हॉस्पिटल के पास दिन निकलते ही खून से लथपथ युवक का शव पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे। एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह ने पुलिस बल के साथ



घटनास्थल का मौका मुआयना करते हुए। घटना का खुलासा करने को लेकर सख्त दिशानिर्देश जारी किए हैं। वहीं मृतक युवक की पहचान शिवगढ़ी निवासी अंकित कारपेंटर के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर सभी पहलुओं से मामले की जांच शुरू कर दी है।

# श्री दिगम्बर जैन पंचायत समिति के पदाधिकारियों ने ली शपथ

**वेलकम इंडिया**

**झांसी:-** महानगर के मेडिकल क्षेत्र स्थित सुप्रसिद्ध जैन तीर्थस्थल श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र करगुंवाजी के पवित्र परिसर में सांवलिया पार्श्वनाथ भगवान को साक्षी मानकर श्री दिगम्बर जैन पंचायत समिति झांसी के नवीन पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर अजित कुमार जैन ₹बीड़ी वाले₹ ने अध्यक्ष, युथप सर्राफ ₹पिंकी₹ एवं रविन्द्र जैन ₹रेल्वे₹ ने उपाध्यक्ष, वरुण जैन ने महामंत्री, राजकुमार भण्डारी ने ऑडिटर, सुनील जैन ₹जैनकोर₹ ने बड़ामंदिर मंत्री, संजय सिंघई ने करगुँवाजी तीर्थ मंत्री, खुशाल जैन ने प्यावलजी तीर्थ मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करते हुए उपस्थित समाज के समक्ष धर्मायतनों के संरक्षण एवं संवर्धन



का संकल्प लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता ललित जैन, वरिष्ठ व्यापारी नेता शैलेन्द्र जैन, वरिष्ठ समाजसेवी राजेन्द्र बड़जात्या, रमेशचंद जैन अछरौनी, सुरेन्द्र सर्राफ, प्रदीप जैन चैनू, इंजी.एम.के जैन, डॉ लालचंद जैन ने क्रमशः पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सुरेन्द्र जैन बक्सा, जिनेन्द्र सर्राफ, एड. भरतचंद्र जैन, रविन्द्र जैन चिरगांव, मनोज सिंघई मातुश्री, अलंकार जैन, देवेन्द्र जैन छकउ, कमलेश जैन रोहित गारमेंट्स, नरेश जैन मल्लन, अरविन्द कामरेड, मुकेश जैन पारस हौजरी, प्रदीप जैन महरौनी, देवव्रत जैन बबलू, मुकेश जैन वीडियो, सुभाष जैन सत्यराज, अशोक जैन रतनसेल्स, राजीव जैन टूंका, संजय जैन छतरपुर, बाहुबली जैन, राजेश जैन दीनदयालनगर, विजय मिठ्ठया, अनुराग जैन छकउ, शरद जैन, सुकमाल जैन गुदरी, सुनील जैन बड़ागांव, संजय जैन चिरगांव, रमेशचंद्र जैन बिजली, डॉ प्रदीप जैन, गौरव जैन नीम, सचिन सर्राफ, आशीष जैन माची, सिद्धार्थ जैन, अंकित सर्राफ, दीपांक सिंघई, अतुल जैन सर, अमन जैन विरागप्रिय, समयराज जैन, लहर चौधरी, सौरभ भागचंद जैन, सोमिल सिंघई, रोनित जैन, सौरभ जैन बैंक, यश सिंघई, दिव्यांश जैन ने समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों का तिलक माल्यार्पण कर स्वागत सत्कार अभिनंदन किया।

# जजी परिसर के पास वन विभाग ने गुलदार के शावक को किया रेस्क्यू तो असौ किसरोली गांव में दिनदहाड़े बैल को बनाया निवाला

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर,** नगर पालिका क्षेत्र सहित जौलकांडेगांव के आसपास और जजी क्षेत्र में गुलदार के शावकों के साथ दिखने की सूचनाएं मिल रही थी, लोगों द्वारा गुलदार को पिंजरे में कैद करने की भी अपील की जा रही थी। रविवार सुबह अचानक लोगों को गुलदार का शावक जजी परिसर से लगे पिटकुल के पास घूमता हुआ नजर आया। सुबह अचानक गुलदार दिखाई देने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वही लोगों को बीच सड़क में खुलेआम बिना भय के सड़क पर घूमते



हुए गुलदार का शावक दिखने पर लोगों ने इसे अपने मोबाइल में कैद कर लिया। जिसके बाद इसे सोशल मीडिया में भी प्रसारित किया गया। सूचना पर वन विभाग की टीम द्वारा एक घंटे रेस्क्यू अभियान चलाकर उसे पिंजरे में कैद किया। जहा पशुपालन विभाग के डॉक्टर उसका इलाज करेंगे उसके बाद उसे प्राकृतिक आवास पर छोड़ा जाएगा। मजियाखेत आदर्श कॉलोनी क्षेत्र कफलखेत, नारायणड्यो सहित मजियाखेत क्षेत्र में पिछले एक महीने से गुलदार नजर आ रहा था। कई बार वह सीसीटीवी में कैद भी हो चुका था। क्षेत्र के लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को कई बार दे दी है। लोगों का कहना है कि विभाग ने किसी तरह की गश्त नहीं बढ़ाई। रविवार की सुबह साढ़े आठ बजे जजी परिसर के पास बने पिटकुल पर गुलदार का एक शावक देखा। इसकी सूचना लोगों ने वन विभाग को दी। सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। एक घंटे रेस्क्यू के बाद उसे पिंजरे में कैद किया। रेंजर श्याम सिंह करायत ने बताया कि पशुपालन विभाग ने डॉक्टर को बुलाकर शावक का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। शावक सात आठ महीने का है जो स्वस्थ है। उसे जल्द प्राकृतिक आवास हेतु जंगल में छोड़ा जाएगा। उन्होंने क्षेत्र में रह रहे लोगों से भी अलर्ट रहने की अपील की है। सुबह और शाम अकेले न जाने की नसीहत भी दी। और सुबह शाम अकेले अपने पालतू कुत्ते के साथ नही घूमने की भी अपील की। वही काफली गैर तहसील के धुराफाट क्षेत्र में गुलदार की दहशत बनी हुई है। गुलदार द्वारा किसरोली गांव में कुंदन सिंह असवाल के बैल को दिनदहाड़े ही घर के समीप अपना निवाला बना लिया गया। सूचना के बाद तत्काल वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुँची। वही लोगों ने वन विभाग से गुलदार के आतंक से निजात दिलाने और शीघ्र पशुपालक को मुआवजा देने की मांग की है।

# मेरठ मीडिया सेंटर में पत्रकारों के बीच सीमित ने पेश किया प्रेस क्लब का संविधान, संशोधन के लिए समय दिया

**वेलकम इंडिया**

**मेरठ।** रविवार को मीडिया सेंटर में मेरठ के पत्रकारों की तीसरी बैठक वरिष्ठ पत्रकार विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें दैनिक समाचार पत्र, साप्ताहिक व सोशल मीडिया आदि से जुड़े पत्रकारो ने भाग लिया। रविवार को बैठक निर्धारित समय अनुसार पत्रकार संविधान समीति के तीन सदस्यों की कमेटी द्वारा तैयार किया गया 11 पेज का संविधान पेश किया गया, जिसका करतल ध्वनि से सभी पत्रकारों ने स्वागत किया। इस अवसर पर समीति सदस्य सोशल मीडिया के वरिष्ठ पत्रकार रवि शर्मा ने मुख्य बिंदुओं को रेखांकित करते हुए सभा में संविधान पढकर सुनाया जिसमें प्रेस क्लब की सदस्यता के नियमों की जानकारी दी गई। फिलहाल सदस्यता निःशुल्क रखने की बात कही गई तथा संस्थान में पुर्ण कालिक रिपोर्टर/संवाददाता/पत्रकार को ही चुनाव में वोटिंग राईट का अधिकार दिए जाने की बात कही। दिनेश चंद्रा ने बताया कि संविधान की पीडीएफ कापी सभी पत्रकारों को भेज दी जाएगी। इस अवसर पर सभी पत्रकारों को होली मिलन को लेकर निमंत्रण दिया गया है। बैठक में विपिन कुमार हरित, मुकेश गोयल संजीव शर्मा विकास दीप त्यागी शाहिन परवीन खान संजीव शर्मा लियाकत मंसूरी हाशमे आलम अशोक गोस्वामी इंद्र मोहन आहूजा व सुनील तनेजा आदि पत्रकार साथी मौजूद रहे।



# एसआरएम इंस्टीट्यूट में राष्ट्रीय स्तर के हैकथॉन , हैक हाउंड 3 .0 का आयोजन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली एनसीआर कैंपस में कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के हैक हाउंड क्लब ने हाल ही में एआईसीटीई द्वारा एआई जागरूकता सप्ताह पहल के हिस्से के रूप में 27 और 28 फरवरी 2025 को 24 घंटे के राष्ट्रीय स्तर के हैकथॉन, हैक हाउंड 3.0 का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप भारत को एआई नवाचार, नैतिकता और शिक्षा में एक वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करना है। उद्घाटन समारोह में एएनबी ऑटो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. संजीन साहनी, आईबीएम में हाइब्रिड क्लाउड के कार्यकारी वास्तुकार सिद्धार्थ सूद, एसआरएमआईएसटी दिल्ली एनसीआर परिसर के डीन डॉ. आरपी महापात्रा और सीएसई एसआरएमआईएसटी दिल्ली एनसीआर परिसर के उप एचओडी डॉ. निरंजन लाल सहित सम्मानित अतिथि उपस्थित थे। यह कार्यक्रम मेजर लीग हैकिंग (एमएलएच) द्वारा प्रायोजित था और प्लैटिनम प्रायोजक मास्टर यूनियन और डेवफोलियो, गोल्ड प्रायोजक फिनलैटिक्स, गिटहब, लॉफ्टलैब्स, सिल्वर प्रायोजक पॉलीगॉन, एथइंडिया, एपीटीओएस, और इन-काइंड प्रायोजक वर्बवायर, इंटरव्यू बडी, मोंगोडीबी, डेटाब्रिक्स, स्ट्रीमलिट, एक्सवाईजैड, एपीओ ऑनलाइन, अन्य द्वारा समर्थित था। पूरे भारत में डेवलपर्स, इनोवेटर्स और तकनीकी उत्साही लोगों से कुल 1,457 पंजीकरण प्राप्त हुए थे, जिसमें कठोर चयन प्रक्रिया के बाद केवल 250 असाधारण प्रतिभागियों को शॉर्टलिस्ट किया गया था

कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. ओशिन शर्मा, डॉ. अभिलाषा सिंह, डॉ. कनिका गर्ग, डॉ. फ्रैंकलिन विनोद, निधि पांडे, आनंद कृष्णा, रवि पाठक और हिमांशु ने किया।

## वीर दिगंबर जैन मंदिर समिति ने निकाली वार्षिक रथयात्रा, भक्तों ने किया भव्य स्वागत

**गाजियाबाद।** संजयनगर सेक्टर 23 स्थित वीर दिगंबर जैन मंदिर समिति ने रविवार को वार्षिक रथ यात्रा निकाली। रथयात्रा का संजयनगर में विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। रथयात्रा का शुभारंभ मुनि 108 ज्ञात सागर महाराज, 105 ऐलक विज्ञान सागर महाराज व बाल बहमचारिणी मां कौशल ने किया। रथयात्रा से पूर्व श्री वीर दिगंबर जैन मंदिर में सामूहिक प्रक्षाल पूजन, झंडारोहण, दीप प्रज्जवलन, जिनवाणी, मंगल कलश स्थापना की गई। इसके बाद भजन व पात्रों के चयन बोली के बाद रथयात्रा शुरू हुई। इस मौके पर मुनि 108 ज्ञात सागर महाराज ने कहा कि बहुत से भक्त मंदिर जाकर भगवान के दर्शन नहीं कर पाते हैं। अपने ऐसे भक्तों को उनके घर के बाहर दर्शन देने के लिए ही श्री जी भगवान रथ में सवार होकर निकलते हैं। इससे धर्म प्रभावना भी बढ़ती है और लोगों के अंदर अच्छे संस्कार भी पैदा होते हैं। महोत्सव का संचालन मंदिर के कोषाध्यक्ष प्रद्युम्न जैन ने किया।

# मोदी कॉलेज में कक्षा 11 के छात्रों के साथ मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता एवं प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉक्टर चंद्रशेखर वेंकट रामन के अविष्कार दिवस को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल ने उनके जीवन दर्शन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी का दिन देश के लिए बहुत ही खास है। इस दिन भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के जाने-माने वैज्ञानिक सर सीवी रमन के सम्मान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानाचार्य ने बताया कि एक बार जब रमन सर लंदन से भारत आ रहे थे तब समुद्र के जल को नीला देखकर उनके मन में यह जिज्ञासा हुई कि जल नीला क्यों है इस पर उन्होंने भारत आकर रिसर्च की और पाया की पारदर्शी पदार्थ से गुजरने वाला प्रकाश ही किरण में आने वाले बदलाव पर उनकी महत्वपूर्ण खोज को रमन प्रभाव के नाम से जाना जाता है। 986 में राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद ने भारत सरकार से 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में घोषित करने का अनुरोध किया। जिसे तत्कालीन भारत सरकार ने स्वीकार कर लिया और 1986 में इस दिन को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में घोषित कर दिया तभी से प्रतिवर्ष 28 फरवरी का दिन राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस विद्यालय के छात्र विज्ञान के अनेक अनेक विषयों पर अपने प्रोजेक्ट बनाकर लाते हैं उनके प्रोजेक्ट जनपद स्तर से होते हुए मंडल स्तर प्रदेश स्तर राष्ट्रीय स्तर पर चयन किए जाते हैं प्रधानाचार्य जी ने इस अवसर पर सभी छात्रों को युवा वैज्ञानिक बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट विपिन कुमार बाहरी केंद्र व्यवस्थापक कमल सिंह विद्यालय के परीक्षा इंचार्ज आरके सिंह शरद बाजपेई राजीव कुमार वर्मा संजीव कुमार गौरव त्यागी डॉ पूनम वशिष्ठ आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय खिलाड़ी ओमवीर सैन को किया सम्मानित



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** राष्ट्रीय खिलाड़ी ओमवीर सैन को मोदीनगर विधायिका श्रीमती मंजू शिवाच द्वारा पुष्पगुच्छ व शाल ओढ़ाकर विवेकानंद एकेडमी, संतपुरा में सम्मानित किया गया ।विधायिका डॉ मंजू शिवाच ने अभी कुछ दिन पहले भी विधानसभा में सरकार से मोदीनगर क्षेत्र के खिलाडियो की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए खेल स्टेडियम व अन्य संसाधनों की मांग भी उठायी थी। राष्ट्रीय खिलाड़ी ओमवीर सैन ने हाल ही में आगरा में हुई 6 टीमों की नेशनल दिव्यांग क्रिकेट चैंपियनशिप के फाइनल में उत्तर प्रदेश टीम की तरफ से जम्मू कश्मीर को हराकर जीत हासिल की और फिर बनारस में आयोजित हुई दिव्यांग ड़ीपिएल में भी शानदार प्रदर्शन किया। जिसके लिए सन 1983 क्रिकेट वर्ल्ड कप की जीत के हीरो रहे। दिलीप वेगस्कर ने उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में शामिल सीनियर कोच समीर कुमार ने मोदीनगर क्षेत्र में साई के स्थानीय केन्द्र की स्थापना के विषय मे चर्चा उठायी। जिसका विधायिका जी द्वारा शासन में पत्र लिखकर आवेदन करने में सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर समाजसेवी जयकिशन बालियान, पंकज राणा, रूपेश बालियान, रवि बलियान, सोनू दत्ता, ओमप्रकाश कश्यप, विशाल रोहिल्ला व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खंडासा चल रहा राम भरोसे, चार बजे के बाद अस्पताल के अंदर फार्मासिस्ट से लेकर डॉक्टर तक नहीं रहते उपस्थित

वेलकम इंडिया



**अमानीगंज अयोध्या।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खंडासा इन दिनों भगवान भरोसे चल रहा है। यहां मन की मर्जी चलती है। यहां पदस्थापित कुछ लापरवाह कर्मी अपने कर्तव्य का पालन इमानदारी पूर्वक नहीं करते हैं। कई स्वास्थ्य कर्मी बिना बताये गायब रहते हैं।

इससे ऐसा लगता है की सीएचसी खंडासा के जिम्मेदार अधिकारी के नियंत्रण से बाहर है। यह अस्पताल अयोध्या जनपद के मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत खंडासा बाजार रोड से सटा है। वही आये दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने अतिक्रमण कारियों द्वारा लगातार अतिक्रमण भी किया जा रहा है इस रोड पर छोटी-बड़ी सड़क हादसे की घटनाएं अक्सर घटतीं रहतीं है,उस पर भी विचार व्यक्त किए जाने की आवश्यकता है। वही स्थानीय लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि रात के समय चिकित्सक मौजूद नहीं रहते हैं । रात को छोटे-बड़े घटना -दुर्घटना समेत सभी प्रकार के मरीजों का ईलाज सीएचओ और एएनएम को करना पड़ता है। सूत्र - यहां तक की सड़क हादसे में हुई मौत की लिखित पुष्टि भी सीएचओ करते हैं। यह इस अस्पताल की विडंबना कहीं जाये की यहां चिकित्सक की पदस्थापना कराने में इलाके के सांसद,विधायक से लेकर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेवार अधिकारी भी फेल हैं । चिकित्सक की कमी की समस्या यह अस्पताल आजादी के करीब 75 वर्षों से जूझ रहा है,तो क्या इसका मतलब यह नहीं की प्रखंड के लोग रात को बीमार नहीं होते? क्या रात्रि में घटना-दुर्घटना नहीं होती है। वही एक प्रकरण का ताजा मामला सामने आया है जिसमें एक व्यक्ति जो अपने बच्चों को इंजेक्शन लगवाने अस्पताल पहुंचा अस्पताल में एक भी कर्मचारी मौजूद नहीं था जब फोन के माध्यम से सूचना दी गई तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर आकाश मोहन ने बताया कि अभिमन्यु सिंह की ड्यूटी चल रही है परंतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंदर कोई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद नहीं था वही पेशेंट के पिता का कहना है कि डिस्पोजल बाहर से खरीद कर लाना पड़ता है जिसका वीडियो में फार्मासिस्ट अतहर सिद्दीकी के द्वारा कबूल भी किया गया है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डॉ अभिमन्यु सिंह का स्थानीय लोगों से रिश्ता है या व्यवहार यह तो पता नहीं लेकिन लोगों का कहना है कि किसी के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बारे में कोई आपत्ति की जाती है तो उस आपत्तिकर्ता पर दबाव डालने का भी काम किया जाता हैं। इससे लोग सहमें में रहते हैं। सचमुच यदि देखा जाए तो कुल मिला कर यहां की स्वास्थ्य सुविधा बद से बदत्तर और चरमरा गई है। यहां तक की रात के समय में जब सड़क हादसे में घायल मरीज को लेकर थाना के अधिकारी व पुलिस कर्मी अस्पताल पहुंचते हैं तो चिकित्सक नहीं रहने के कारण पुलिस प्रशासन भी परेशान हो जाते हैं। जब इस संबंध में सीएमओ अयोध्या से बात करने का प्रयास किया गया तो घंटी बजती रही फोन रिसीव करना मुनासिब नहीं समझा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से पल्सर सवार युवक की हुई मौत

वेलकम इंडिया



थाना कोतवाली इनायत नगर अंतर्गत चौकी क्षेत्र हैरिंग्टनगंज के मां शारदा कॉलेज ऑफ फामेर्सी के निकट स्थित बाबा मैरिज लॉन में वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने आए गोला बाजार मुजिददीनपुर खजुरहट निवासी अनुपम केसरवानी उर्फ ऋतिक केसरवानी पुत्र राजेश केसरवानी उम्र 23 वर्ष अपनी दो पहिया वाहन मोटरसाइकिल के साथ वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने जा रहे थे तभी तेज रफ्तार में आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दिया जिससे वह गाड़ी सहित घटनास्थल पर लहूलुहान होकर पड़े थे।

आसपास मौजूद लोगों ने आनन-फानन में गंभीर रूप से घायल अनुपम केसरवानी को अपने निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर ले जा रहे थे जिनकी रास्ते में ही मौत हो गई परिजनों ने बताया कि पुलिस पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना रात 11 बजे की बताई जा रही है घटना से आहत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स मे आयोजित आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशॉप सफलतापूर्वक संपन्न

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** एहसास महिला समिति मोदीनगर द्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स, मोदीनगर के सहयोग से आयोजित आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशॉप का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह चार दिवसीय कार्यशाला 27 फरवरी से 1 मार्च तक आयोजित की गई। जिसमें महिलाओं को कलात्मक कौशल विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन मोदीनगर पिंक बूथ इंचार्ज उषा मलिक द्वारा किया गया। जिन्होंने महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने में कला के महत्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम को महिला समाज कल्याण मोदीनगर इंचार्ज दीपाली स्वरूप का भी समर्थन मिला। जिन्होंने महिलाओं के लिए इस तरह की पहल की सराहना की। कार्यशाला के दौरान डेकोरेटिव थाली, सजावटी सामग्री, क्ले उत्पादों आदि के निर्माण की तकनीक सिखाई गई। इसमें 36 महिलाओं और युवतियों ने भाग लिया और इस कार्यशाला की अवधि को और अधिक बढ़ाने की मांग भी की। कार्यशाला के समापन समारोह में मोदीनगर चेयरमैन विनोद वैशाली एवं राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता अशोक चौहान उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और इस प्रकार के कार्यक्रमों को महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण बताया।

## एनवायरमेंट क्लब ने वन विभाग के साथ मनाया विश्व वन्यजीव दिवस

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर।** मुरादनगर में एनवायरमेंट क्लब गाज़ियाबाद और वन विभाग गाज़ियाबाद ने संयुक्त रूप से विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर छोटा हरिद्वार, मुरादनगर गंगनहर पर वृहद जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आमजनों को वन्यजीवों की सुरक्षा व संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। क्लब सदस्यों ने शेर, जेबरा, हाथी, भालू, मोर, हिरण आदि की वेशभूषा में लोगों को पृथ्वी पर वन्यजीवों की महत्वता बतायी। गंगनहर आए हुए लोगों को जागरूक किया गया कि जब वो वन्य क्षेत्र से निकलें तो चलती गाड़ी से कुछ भी खाने का या प्लास्टिक आदि कूड़ा बाहर ना फेंकें क्योंकि ऐसा करने पर वन्यजीवों को लगता है कि हमने उनके कुछ खाने के लिए फेंका है और जैसे ही वो उसे पकड़ने के लिए रोड़ पर आते हैं पीछे से आती हुई तेज रफ़्तार कार से टक्कर लगने से उनकी मौत हो जाती है, वर्षभर में केवल भारत में ही हजारों वन्यजीवों की मौत इसी प्रकार हो रही है। वहीं लोगों से अपील की गई कि जिन जानवरों को मारकर उनकी खाल से स्वेटर, शॉल और जूते आदि बनाए जाते हैं ऐसी कंपनियों और उत्पादों का भी बहिष्कार करें। लोगों से अपील की गई कि जंगलों को साफ रखें और पेड़ों को अधिक से अधिक लगाए। कार्यक्रम के समापन पर नहर के किनारे क्लब टीम व वन विभाग की टीम ने वन्यजीवों की वेशभूषा धारण किये हुए क्लब सदस्यों के साथ स्वच्छता अभियान भी चलाया।

## दशमेश खालसा समिति सेवा ट्रस्ट द्वारा लगाया गया गुरु का लंगर



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** दशमेश खालसा समिति सेवा ट्रस्ट द्वारा गुरु का लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में लोगों प्रसाद ग्रहण किया। दशमेश खालसा समिति सेवा ट्रस्ट द्वारा पिछले तीन साल से निरंतर प्रत्येक रविवार को गुरु के लंगर का आयोजन करते आ रहे हैं। प्रत्येक रविवार को शहर के अलग-अलग स्थान पर गुरु का लंगर लगाया जाता है। जिसमें लगभग शहर के 100 से अधिक परिवार अपने घर से लंगर के लिए रोटी बनाकर देते है। जिसमें दशमेश खालसा समिति सेवा ट्रस्ट से जुड़े सभी सदस्य बढ़-चढ सेवा भाव से प्रसाद का वितरण करते हैं ।रविवार को मोदी कपड़ा मिलकर निकट मुख मार्ग पर गुरु का लंगर लगाया गया । जिसमें सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आज की सेवा में अध्यक्ष अंकुर अरोड़ा,मुख्य ट्रस्टी विकास भसीन,जतिन अरोड़ा,सरबजोत सिंह नय्यर, राहुल अरोड़ा,शिवम् कोहली, विपिन खन्ना, हरजीत सिंह, एन.क ग्रोवर प्रमोद आनंद, केवल थम्म्मन,अमित वशिष्ठ,उमेश शर्मा, गौतम अरोड़ा पवन खुराना,अमरजीत सिंह ,यश भसीन,संजय अरोड़ा, सुनील कुमार डिम्पी भसीन,भारती बतरा,गरिमा रावत,अनाया भसीन,प्रिया मादान रीटा अरोड़ा,नीरू अरोड़ा,दीपक गुप्ता आदि सेवादार मौजूद थे।

# 206 के सापेक्ष 181 जोड़े शादी के बंधन में बंधे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में तीन जोडे मुस्लिम समाज के भी शामिल

वेलकम इंडिया

**अमानीगंज -अयोध्या।** अमानीगंज विकासखंड मुख्यालय पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 181 नव युगल दंपत्ति विवाह बंधन में बंध गए। मिल्कीपुर के विधायक चंद्रभान पासवान खंड विकास अधिकारी सूर्य प्रकाश मिश्रा उप जिला अधिकारी राजीव रतन सिंह तथा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह ने पुष्प वर्षा कर विवाह बंधन में बंध रहे नवयुवक जोड़ों को शुभकामनाएं दी तथा उनके भावी जीवन के लिए कामना की जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा संचालित इस योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज के हर तरीके के लोगों के लिए शादी विवाह खुशी का माहौल होता है जिसके लिए मुख्यमंत्री की यह योजना एक अनुकरणीय पहल है इस अवसर पर नव दंपतियों को गिफ्ट पैक भोजन व अन्य सामान भी उपलब्ध कराया गया रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने नव दंपतियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वह अपने नवजीवन की शुरूआत इस संकल्प के साथ करें कि समाज में भाईचारा एवं खुशहाली सदैव बनी रहे मुख्यमंत्री की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ लेने वाले लोग बधाई के पात्र हैं

ऐडियो पंचायत अमानीगंज सिद्धार्थ शंकर पांडे ऐ पी ओ अभिमन्यु सिंह समाज कल्याण अधिकारी आईबी सिंह अमानीगंज विकासखंड मुख्यालय के समस्त कर्मचारी तथा प्रधान संघ के अध्यक्ष पवन पांडे भाजपा नेता शंम्भू सिंह राजेश सिंह रानू सिंह अजीत कौशल तथा बड़ी संख्या में प्रधान और नव दंपत्ति बंधन में बंध रहे युवाओं के परिजन बाराती के रूप में मौजूद रहे समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था अल्पसंख्यक समाज के तीन जोडे भी विवाह वंधन में बंधे।



# डॉ. बीआर अंबेडकर जन्मोत्सव आयोजन समिति 2025-26 का गठन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव आयोजन समिति 2025-26 का गठन हो गया है। नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने आज नवयुग मार्केट स्थित अंबेडकर पार्क में शपथ ग्रहण की। इस दौरान उन्होंने आगामी अप्रैल में आयोजित होने वाले अंबेडकर जयंती समारोह की रूपरेखा प्रस्तुत की। समिति के नव-निर्वाचित युवा अध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि इस वर्ष डॉ. अंबेडकर का जन्मोत्सव पहले से अधिक भव्य रूप से मनाया जाएगा। आयोजन 11 अप्रैल को समाज सुधारक ज्योतिबा फुले की जयंती से आरंभ होगा और 15 अप्रैल तक चलेगा। इस बार कार्यक्रम की अवधि तीन के बजाय पाँच दिन की होगी, जिससे अधिक से अधिक लोग इस महोत्सव में भाग ले सकें।

समिति के महासचिव तरुण कुमार ने बताया कि जन्मोत्सव के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के लिए प्रतियोगिताएं, खेलकूद कार्यक्रम, टीवी कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रभात फेरी मुख्य आकर्षण रहेंगे। इसके अलावा मेधावी छात्रों को सम्मानित करने और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को पुरस्कृत करने की योजना बनाई गई है। तरुण कुमार ने कहा कि बीते वर्षों में अंबेडकर जयंती कुछ सीमित समाजों तक ही केंद्रित रही थी, लेकिन इस बार इसे हर धर्म, जाति और समुदाय के लोगों के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। शहर के सभी संगठनों, व्यापार मंडल के सदस्यों को भी आमंत्रित किया जाएगा ताकि यह आयोजन और भी भव्य और सर्वसमाज को जोड़ने वाला बन सके। आयोजन समिति को उम्मीद है कि इस बार का डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव पहले से अधिक विशाल और ऐतिहासिक होगा। आयोजकों ने सभी नागरिकों से इस कार्यक्रम में भाग लेकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

## युवती को नशीला पदार्थ पिलाकर होटल में किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** जिले के लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र से एक युवती के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है। पीड़िता का आरोप है कि दोस्त ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे बेहोश किया और फिर होटल में दुष्कर्म किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दानिश को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच जारी है। पीड़िता के अनुसार, चार महीने पहले फेसबुक पर उसकी दोस्ती आरोपी दानिश से हुई थी, जिसके बाद दोनों में बातचीत शुरू हो गई। दानिश पिछले एक महीने से होटल में साथ खाना खाने की जिद कर रहा था। 27 फरवरी की रात, आरोपी ने युवती को शिव विहार मेट्रो स्टेशन के पास बुलाया और उसे एक होटल में ले गया। वहां खाने के बाद उसने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर युवती को पिला दिया। युवती ने बताया कि कोल्ड ड्रिंक पीते ही उसे चक्कर आने लगे और वह बेहोशी महसूस करने लगी। जब उसने विरोध किया, तो आरोपी ने उसके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और दुष्कर्म किया। जब पीड़िता को होश आया, तो वह किसी तरह घर पहुंची और अपने परिजनों को पूरी घटना बताई। इसके बाद परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी दानिश को हिरासत में ले लिया है।

## मुरादनगर की घटना पर डासना शिवशक्ति धाम में आक्रोश, महंत यति नरसिंहानंद ने दिया विवादित बयान




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मुरादनगर में हुई हिंसक झड़प को लेकर डासना स्थित शिवशक्ति धाम में बैठक आयोजित की गई, जहां लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान डासना देवी मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद ने एक बार फिर विवादित बयान देते हुए कहा कि हिंदुओं को जिंदा रहने के लिए हथियार उठाने पड़ेंगे। यह विवाद गुरुवार रात मुरादनगर की रावली रोड पर हुआ, जब टेलीफोन एक्सचेंज के पास एक कार और ई-रिक्शा में टक्कर हो गई। इस मामूली हादसे के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और मारपीट शुरू हो गई, जो देखते ही देखते पथराव में बदल गई। करीब 20 मिनट तक चले इस पथराव में सात लोग घायल हो गए। घायलों में रोहित त्यागी, अनिल त्यागी, रंजन त्यागी, राहुल त्यागी और आर्यन त्यागी शामिल हैं। पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद मामला शांत हुआ और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने इस मामले में 5 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया और कार्रवाई करते हुए मोहम्मद कैफ, जुल्फिकार, रहीसुद्दीन, अकरम और असलम को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना के विरोध में डासना स्थित शिवशक्ति धाम में बैठक आयोजित की गई, जिसमें कई सामाजिक संगठनों और हिंदू संगठनों के सदस्य शामिल हुए। इस बैठक में डॉ. उदिता त्यागी, ममता सहगल, अनिल चौधरी, अनिल यादव, विनय चौधरी, मोहित नागर, कविता चौधरी, रीना त्यागी, जितेंद्र गुर्जर और के.एन. श्रीवास्तव मौजूद रहे। बैठक में महंत यति नरसिंहानंद ने मुरादनगर की घटना की निंदा की और विवादित बयान दिया। उनके इस बयान को लेकर विवाद खड़ा हो सकता है, क्योंकि इससे पहले भी वे कई बार विवादास्पद बयानबाजी कर चुके हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मुरादनगर की घटना की विस्तृत जांच की जा रही है और इलाके में शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

## मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह ने वैशाली में ओपन जिम का किया उद्घाटन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सेक्टर एक वैशाली में स्थित श्री राम पार्क में मिजोरम के राज्यपाल एवं पूर्व सांसद केंद्र मंत्री जनरल वीके सिंह द्वारा एक ओपन जिम का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर पार्षद कुसुम मनोज गोयल और क्षेत्र की जनता ने उनका आभार व्यक्त किया। उद्घाटन समारोह में समाजसेवी सुभाष शर्मा, भाजपा नेता अवधेश कटिहार, लोकप्रिय गायिका ज्योति वर्मा, और अन्य स्थानीय नेताओं ने भी अपने विचार साझा किए। सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद किया, जिन्होंने महाकुंभ मेले के सफल आयोजन में योगदान दिया। इस अवसर पर पार्षद ने वरिष्ठ नागरिकों को माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, जिसमें कैलाश गोयल, नरेंद्र वर्मा, बिजी सिंह, और कई अन्य समाजसेवी शामिल थे। इस ओपन जिम के उद्घाटन से क्षेत्र के विकास कार्यों को और गति मिलेगी, जिससे स्थानीय निवासियों को स्वास्थ्य और फिटनेस के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

## उत्तर रेलवे में योग महोत्सव-2025 हर्षोल्लास से सम्पन्न

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** रविवार,02-03-2025 को संकेत एवं दूरसंचार प्रशिक्षण केन्द्र उत्तर रेलवे गाजियाबाद में सत्य योग आश्रम ट्रस्ट के तत्वावधान में योग महोत्सव-2025 हरि प्रसाद (प्राचार्य एसटीटीसी उ.रे.) की अध्यक्षता में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ ।उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को अपने उद्बोधन में योग के प्रति जागरुक रहने की प्रेरणा दी।

योग सत्र का प्रारंभ योगी प्रवीण आर्य ने ओ३म की ध्वनि एवं गायत्री मंत्र से किया उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को विरेचन क्रिया एवं आर्ट ऑफ लिविंग भस्त्रिका के साथ हाथों पैरों के सूक्ष्म व्यायाम तथा रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और हार्ट को मजबूत करने के अभ्यास कराये ।उन्होंने मुस्कुराने के लाभों की प्रैक्टिकल चर्चा करते हुए बताया कि केवल मुस्कुराने से आप तनाव मुक्त,युवा एवं सुंदर बने रहते हैं। विशेष आमंत्रित डॉ वीरपाल विद्यालंकार ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप जो यह रेलवे का प्रशिक्षण लेकर जनता के बीच कार्यक्षेत्र में उतरेंगे वहां मनोयोग एवं एकाग्रता का होना इस कार्य में आवश्यक है जोकि आपको ध्यानयोग के माध्यम से प्राप्त होगी। समयोग फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ.दानवीर विद्यालंकार के सानिध्य में योग मर्मज्ञा पूजा वर्मा ने योग का सुन्दर प्रदर्शन किया जोकि सत्र में आकर्षण का केंद्र रहा ।उन्होंने ध्यान योग कराया ध्यान के लाभों की विस्तृत चर्चा करते हुये बताया कि ध्यानयोग ही जीवन का आधार है। इसी के माध्यम से आप एकाग्रचित होकर कार्य कर सकेंगे ।उन्होंने तालासन एवं हास्यासन भी कराये। समारोह के मुख्य वक्ता स्वदेशी आयुर्वेद के निदेशक डॉ. आर के आर्य ने साधकों को संबोधित करते हुए कहा की पूरी दुनियां में योग का डंका बज रहा है योग महोत्सव में जो कुछ आपने यहाँ योग विशेषज्ञों से सीखा है उसे जीवन में बनाये रखें ताकि सकारात्मक ऊर्जा बनी रहे। यदि अपने योग को अपनाया और अपने परिवार में सब को सिखाया तो आप सभी निरोगी एवं स्वस्थ बने रहेंगे। मुख्य अतिथि मदनलाल हरित समाजसेवी ने कहा कि योग हमारी प्राचीन धरोहर है जिसको बाबा रामदेव ने योग के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा की है ।उन्होंने योग प्रदर्शन को देखकर प्रसन्नता व्यक्ति और ओम के गूंजार के लाभों की चर्चा की। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष योगी प्रवीण आर्य ने सुमधुर संगीत योग गीत एवं चलते चलो मुसाफिर पुरुषार्थ के सहारे मंजिल तुम्हें पुकारे,योग सत्र को अपने भजन के माध्यम से पुरुषार्थी बनने का संदेश दिया।

## तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे युवक को कुचला, मौके पर मौत

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** रावली-सुराना मार्ग पर बिलाल मस्जिद के पास शनिवार रात सड़क पार कर रहे युवक को तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। गांव ढिड़ार निवासी जितेंद्र कुमार खेती करते हैं। उन्होंने बताया कि 22 वर्षीय पुत्र प्रियांशु शनिवार रात को किसी काम से मुरादनगर गया था। रात करीब साढ़े ग्यारह बजे के आसपास प्रियांशु बाइक से मुरादनगर से गांव लौट रहा था। रावल-सुराना मार्ग पर बिलाल मस्जिद के पास प्रियांशु ने बाइक सड़क किनारे खड़ी कर दी और एक दुकान से सामान लेने के लिए सड़क पार करने लगा। इसी बीच तेज रफ्तार लग्जरी कार ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटनास्थल के आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर चिकित्सकों ने भी उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, मोदीनगर की हरमुखपुरी कॉलोनी निवासी स्प्रान्सु शर्मा बाइक से दिल्ली-मेरठ मार्ग पर जा रहे थे। जब वह एमएम डिग्री कॉलेज के सामने पहुंचे तो पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्प्रान्सु उछलकर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## विद्युत आपूर्ति सुधारने के लिए जर्जर लाइन बदलेगा निगम, ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने का कार्य जारी

**गाजियाबाद।** विद्युत निगम जर्जर लाइन बदलकर और ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाकर बिजली आपूर्ति में सुधार करेगा। विद्युत निगम ने उन स्थानों को चिन्हित किया है, जहां सबसे अधिक बिजली कटौती हो रही। बिजनेस प्लान के तहत कई जगह कार्य भी शुरू हो गए हैं। गर्मी से पहले विद्युत निगम शहर की विद्युत आपूर्ति में सुधार करने का दावा कर रहा है। इसके लिए फरवरी में अनुरक्षण के कार्य भी कराए गए थे। इसमें विद्युत उपकेंद्रों की मरम्मत और ट्रांसफार्मर का तेल बलवाया गया। साथ ही, लाइन से निकल रहे पेड़ों की छंटाई कराई। विद्युत निगम सबसे पहले उन इलाकों की जर्जर लाइन बदल रहा है. जहां सबसे अधिक बिजली गुल होती है। इन इलाकों के ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई जाएगी। विजयनगर, नंदग्राम, कविनगर, लोहियानगर, पटेलनगर आदि इलाकों में बिजनेस प्लान के तहत कार्य कराए जा रहे हैं।

## सगाई समारोह में हर्ष फायरिंग, बीए छात्र को लगी गोली, हालत गंभीर

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** जिले के मुरादनगर में सगाई समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग का खौफनाक नतीजा सामने आया, जब एक युवक के पेट में गोली लग गई। गोली लगते ही समारोह में अफरा-तफरी मच गई। घायल युवक की पहचान प्रियांशु त्यागी (बीए छात्र) के रूप में हुई है, जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना शुक्रवार रात मुरादनगर के कन्नौजा गांव में हुई, जहां राजेश के पुत्र सोनू की सगाई का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने कई राउंड हवाई फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान एक गोली प्रियांशु त्यागी के पेट में लग गई, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल छात्र को तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे गाजियाबाद रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार, युवक की स्थिति नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस का कहना है कि चौकी प्रभारी की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अब सीसीटीवी फुटेज और समारोह में रिकॉर्ड की गई वीडियो के आधार पर हर्ष फायरिंग करने वाले आरोपी की तलाश की जा रही है। गौरतलब है कि शादी व सगाई समारोह में हर्ष फायरिंग पर प्रतिबंध होने के बावजूद ऐसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इस तरह की घटनाएं न केवल कानूनी अपराध हैं, बल्कि कई बार निर्दोष लोगों की जान भी ले लेती हैं।

## मोदीनगर में बधाई वसूली को लेकर किन्नरों के दो गुटों में झड़प, ढोलक बजाने वाले युवक की हत्या

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जिले के मोदीनगर में बधाई वसूलने को लेकर किन्नरों के दो गुटों के बीच जमकर झड़प हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि इसमें ढोलक बजाने वाले युवक अल्बख्श की हत्या कर दी गई। घटना रविवार देर रात 12:30 बजे की बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में दो किन्नरों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। घटना सीकरी कलां गांव की है, जहां शादी समारोह के दौरान किन्नरों का एक गुट बधाई मांगने पहुंचा। कुछ देर बाद दूसरा गुट भी वहां पहुंच गया और पैसों को लेकर विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते झड़प इतनी बढ़ गई कि अल्बख्श नामक युवक की हत्या कर दी गई।

मृतक युवक के पिता आबिद ने बताया कि उनका बेटा अल्बख्श शादी समारोहों में किन्नरों की टोली के साथ ढोलक बजाने का काम करता था और इसी वजह से वह उस रात भी समारोह में मौजूद था। लेकिन विवाद के दौरान दूसरे पक्ष ने उस पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। मृतक के पिता की शिकायत पर पुलिस ने निशा, मुस्कान, सरताज और अहसान के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि निशा और मुस्कान को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन कर लिया गया है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि इस मामले की गहनता से जांच की जा रही है और अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है। वहीं, इस घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है।

## कार पर फायरिंग करने वाले तीन आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिला जज की कोर्ट ने कार पर गोली चलाने और दबंगई दिखाने के तीन आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट का मानना है कि आरोपियों के पास जमानत हासिल करने के लिए ठोस सबूत और पर्याप्त कारण नहीं हैं। डीजीसी राजेश चंद्र शर्मा के अनुसार, 2 फरवरी 2025 को मधुबन बापूधाम थाने में एक मामला दर्ज किया गया था। वादी सौभाग्य चौधरी ने पुलिस में शिकायत दी कि वह अपने साथी शाकिर के साथ अर्थला, मोहन नगर स्थित होटल में खाना खा रहे थे। उसी दौरान होटल में पहले से मौजूद सूर्य सिंह, रवि सिंह उर्फ राजा और जतिन से किसी बात को लेकर बहस हो गई। मामला बढ़ता देख पुलिस मौके पर पहुंच गई, जिससे विवाद वहीं खत्म हो गया। वादी सौभाग्य चौधरी के अनुसार, होटल से निकलने के बाद जब वे संजयनगर क्षेत्र में पहुंचे, तो एक स्विफ्ट कार ने उनका रास्ता रोक लिया। कार से सूर्य सिंह, रवि सिंह और जतिन चौधरी उतरे और उनकी गाड़ी पर फायरिंग कर दी। इस हमले में गाड़ी का शीशा टूट गया, और शाकिर के हाथ में कांच के टुकड़े लगने से चोट आ गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने साक्ष्यों की बारीकी से जांच की और तीनों आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी।

## विश्व वन्यजीव दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम, वन्यजीव संरक्षण का दिया संदेश

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर मुरादनगर एनवायरमेंट क्लब गाजियाबाद और वन विभाग गाजियाबाद के संयुक्त तत्वावधान में छोटा हरिद्वार, मुरादनगर गंगनहर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नागरिकों को वन्यजीवों की सुरक्षा और संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्लब सदस्यों ने शेर, जेब्रा, हाथी, भालू, मोर और हिरण जैसी वन्यजीवों की वेशभूषा धारण कर उपस्थित लोगों को वन्यजीवों के महत्व के बारे में बताया। इस दौरान गंगनहर पर आए लोगों से अपील की गई कि जब वे वन्य क्षेत्रों से गुजरें तो चलती गाड़ी से भोजन या प्लास्टिक कचरा बाहर न फेंके। ऐसा करने से वन्यजीव भोजन समझकर सड़क पर आ जाते हैं और तेज रफ्तार वाहनों से टकराकर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। क्लब सदस्यों ने लोगों से आग्रह किया कि जिन उत्पादों के निर्माण में वन्यजीवों की खाल, ऊन या हड्डियों का उपयोग होता है, उनका बहिष्कार करें। साथ ही, जंगलों को साफ रखने और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान एक जागरूकता पदयात्रा भी निकाली गई, जिसमें पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण से जुड़े नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के समापन पर गंगनहर किनारे स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जिसमें करीब 20 किलो प्लास्टिक कूड़ा एकत्र कर नहर को स्वच्छ बनाया गया। इसके माध्यम से प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने और पर्यावरण को साफ रखने का संदेश दिया गया। वन विभाग के मोदीनगर रेंज अधिकारी अमित सिंह ने युवाओं के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि वन्यजीव संरक्षण जैसे गंभीर मुद्दों पर युवाओं की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने विश्व वन्यजीव दिवस 2025 की थीम 'वन्यजीव संरक्षण वित्त' पर भी प्रकाश डाला और व्यक्तिगत स्तर पर पर्यावरण और वन्यजीवों की रक्षा के लिए सक्रिय भागीदारी की अपील की। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा की शपथ ली। इस अवसर पर क्लब संस्थापक सावन कनौजिया, वन विभाग की टीम और क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

